दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 121 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। शुक्रवार, 06 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष तृतीया, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

## संजू -शिवम ने छुड़ाए अंग्रेजों के छक्के

## भारत ने इंग्लैंड को रौंदकर कटाया फाइनल का टिकट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार रात रनों का ऐसा तूफान उठा कि अंग्रेज गेंदबाज उसमें उड़ गए। क्या जोफ्रा आर्चर और क्या सैम करन, जो सामने आया भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसी कुटाई की कि वह छुपने की जगह ढूंढते दिखे। संजू सैमसन ने तीसरे ओवर (15 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे) में मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और तूफानी पारी खेली।

संजू सैमसन (89) के अलावा ईशान किशन (39), शिवम दुबे (43) और तिलक वर्मा (21) भी सिक्स हिटिंग मशीन बन गए। ऐसे में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 250 से ज्यादा स्कोर बनाया। मुकाबले में कुल 499 रन बने।





### बेथेल ने खेली अहम पारी

इसके बाद जैकब बेथेल को विल जैक्स का साथ मिला और दोनों ने भारतीय गेंदबाजों पर जमकर प्रहार किया। इस जोड़ ने मिलकर बड़े शॉट लगाए और जरूरी रन रेट को कम किया। इस दौरान पूरे वानखेड़े स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया था। मैच किसी भी करवट बदल सकता था। इसके बाद आया मैच बदलने वाला कैच। अक्षर पटेल ने बाउंड्री पर सूझबूझ दिखाई और शिवम दुबे के साथ मिलकर विल जैक्स का यादगार कैच लिया। विल ने 20 गेंदों पर 35 रन की पारी खेली। अर्शदीप सिंह के खाते में यह विकेट आया। इसके साथ ही सिंह ने विल जैक्स और जैकब बेथेल के बीच 39 गेंदों पर 77 रन की साझेदारी को तोड़ा।

### जसप्रीत बुमराह ने किफायती गेंदबाजी की

आखिरी 5 ओवर में इंग्लैंड को 69 रनों की दरकार थी। जैकब बेथेल और सैम करन मैदान पर थे। 16वां ओवर जसप्रीत बुमराह को थमाया गया और इसमें 8 रन बने। अर्शदीप सिंह ने 17वें ओवर में 16 रन दे दिए। 18वें ओवर में बुमराह ने 6 रन दिए। आखिरी 12 गेंदों पर इंग्लैंड को जीत के लिए 39 रनों की जरूरत थी। 19वें ओवर में हार्दिक ने 9 रन दिए। अब आखिरी ओवर में इंग्लैंड को जीत के लिए 30 रनों की दरकार थी। हालांकि, टीम 22 रन ही बना सकी और भारत ने 7 रन से यह मैच जीता।

### मेंस टी20 इंटरनेशनल मैचों में हाइएस्ट स्कोर

517 - दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, सेंचुरियन, 2023
499 - भारत बनाम इंग्लैंड, मुंबई, 2026
496 - भारत बनाम न्यूजीलैंड, तिरुवनंतपुरम, 2026
489 - भारत बनाम वेस्टइंडीज, लॉडरहिल, 2016
488 - न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया, ऑकलैंड, 2018
488 - बुल्गारिया बनाम सर्बिया, सोफिया, 2022

### शिवम दुबे हुए रन आउट

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (11) बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। बल्लेबाजी में प्रमोट होकर 4 नंबर पर उतरे शिवम दुबे ने अपने होम ग्रांउड पर छक्कों की लाइन लगा दी। दुबे ने अपनी पारी में 4 सिक्स और 1 चौका लगाया। हालांकि, हार्दिक पांड्या के साथ तालमेल में कमी के कारण वह रन आउट हुए। शिवम दुबे ने 25 गेंदों पर 43 रन की पारी खेली।

### तिलक ने जड़ दिए 3 छक्के

7 नंबर पर उतरे तिलक वर्मा ने फिनिशर का रोल बखूबी निभाया और 3 छक्कों की मदद से 7 गेंदों पर 21 रन कूट दिए। हार्दिक पांड्या (27) भी रन आउट हुए। अक्षर पटेल 2 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से विल जैक्स और आदिल रशीद के खाते में 2-2 विकेट आए। वहीं जोफ्रा आर्चर को 1 सफलता मिली। जोफ्रा आर्चर ने 4 ओवर में 61 रन लुटा दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। सैम करन ने 53 रन खर्च किए।

### पावरप्ले में गिरे 3 विकेट

254 रन चेज करने उतरी इंग्लैंड को दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा। हार्दिक पांड्या ने पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट (5) का शिकार किया। अक्षर पटेल ने यह कैच को लपका। 5वां ओवर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को थमाया। बुमराह ने पहली गेंद पर ही कप्तान हैरी ब्रूक (7) को अपने जाल में फंसा लिया। इस कैच को भी अक्षर पटेल ने लिया।

## हवा में 12-मिनट तक अटकी रही 147 लोगों की सांसें

### पायलट की अनस्टेबल एप्रोच के कारण जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई फ्लाइट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार को मुंबई से आई फ्लाइट पहली कोशिश में लैंड नहीं हो पाई। करीब 12 मिनट बाद दूसरी कोशिश में फ्लाइट की लैंडिंग हुई। इस दौरान पैसेंजर्स की सांसें अटकी रहीं। प्लेन में क्रू समेत 147 लोग सवार थे। एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट 9-1280 ने सुबह 7:37 बजे मुंबई से जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाइट ने सुबह करीब 9:20 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया। लेकिन फ्लाइट की प्रॉपर लैंडिंग नहीं हो सकी। ऐसे में पायलट ने विमान को रनवे टच कराने के तुरंत बाद दोबारा टेकऑफ करवा दिया। फ्लाइट को गो-अराउंड पर रखा।

फ्लाइट को कुछ देर तक हवा में रखते हुए दोबारा लैंडिंग की तैयारी की गई। करीब 12 मिनट बाद पायलट ने सुबह करीब 9:32 बजे दूसरी प्रयास में फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग करवाई।

फ्लाइट के सुरक्षित उतरने के बाद पैसेंजर्स ने राहत की सांस ली। एविएशन सूत्रों के अनुसार लैंडिंग के दौरान पायलट की अनस्टेबल एप्रोच की वजह से फ्लाइट पहले प्रयास में लैंड नहीं हो पाई थी।

## अमित शाह की मौजूदगी में नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के निर्णय को प्रदेश की सियासत में बड़े उलटफेर की संभावना के रूप में देखा जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सहित एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

### एनडीए के पांच उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

बिहार एनडीए के सभी उम्मीदवार—नीतीश कुमार, नितिन नबीन, रामनाथ ठाकुर, शिवेश कुमार राम और उपेंद्र कुशवाहा—विधानसभा परिसर पहुंचे और राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहे, जिससे इस प्रक्रिया को राजनीतिक रूप से खास महत्व माना जा रहा है।



### अमित शाह से की शिष्टाचार मुलाकात

इससे पहले नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उन्होंने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। गुरुवार को ही उन्होंने एक अन्य पोस्ट में जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो दशकों से अधिक समय से लोगों ने उन पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा है, जिसकी बदौलत उन्होंने बिहार की सेवा पूरी निष्ठा से की है।

### संसद के दोनों सदनों का सदस्य बनने की इच्छा

अपने पोस्ट में नीतीश कुमार ने लिखा कि संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनके मन में यह इच्छा रही है कि वे बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के भी दोनों सदनों के सदस्य बनें।

## बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- कहीं भी नमाज करना धार्मिक अधिकार नहीं

### सुरक्षा सबसे पहले; एयरपोर्ट के पास शेड में नमाज की परमिशन देने से इनकार

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास नमाज पढ़ने की परमिशन देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता और किसी भी जगह नमाज पढ़ना धार्मिक अधिकार नहीं माना जा सकता। जस्टिस बीपी कोलाबावाला और जस्टिस फिरदौस पूनीवाला की बेंच टैक्सी और ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि एयरपोर्ट के पास एक अस्थायी शेड था, जहां वे नमाज पढ़ते थे, जिसे पिछले साल अधिकारियों ने हटा दिया। याचिका में ड्राइवरों ने उसी जगह या आसपास किसी अन्य जगह पर नमाज पढ़ने की परमिशन मांगी थी। कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया।

### सर्वे में नमाज के लिए कोई जगह नहीं मिली

कोर्ट ने पुलिस और एयरपोर्ट अधिकारियों से यह जांच करने को कहा था कि क्या याचिकाकर्ताओं को कोई वैकल्पिक जगह दी जा सकती है। गुरुवार को पेश की गई रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि सात जगहों का सर्वे किया गया, लेकिन भीड़, सुरक्षा चिंताओं और एयरपोर्ट डेवलपमेंट प्लान के कारण कोई भी जगह उपयुक्त नहीं पाई गई।

## शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 899 अंक चढ़कर 80 हजार के पार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक या 1.14% की तेजी के साथ 80,015.90 और निफ्टी 285.40 अंक या 1.17% की बढ़त के साथ 24,765.90 पर बंद हुआ।

**डिफेंस और मेटल शेयरों में जोरदार खरीदारी-** बाजार में तेजी लाने का काम रक्षा क्षेत्र के शेयरों ने किया। सूचकांकों में निफ्टी इंडिया डिफेंस 2.55% की तेजी के साथ सबसे ज्यादा बढ़ने वाला सूचकांक रहा। इसके बाद निफ्टी मेटल (2.29%), निफ्टी पीएसई (2.22%), निफ्टी इन्फ्रा (2.21%), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.10%), निफ्टी कमोडिटीज (2.05%) और निफ्टी एनर्जी (1.92%) की बढ़त के साथ बंद हुए।

**सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक में रही गिरावट-** हालांकि, केवल निफ्टी सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक ही 0.59% की कमजोरी के साथ बंद हुआ। बड़ी कंपनियों के साथ-साथ मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जोरदार तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 867.40 अंक या 1.52% की तेजी के साथ 57,792.55 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 257.30 अंक या 1.58% की मजबूती के साथ 16,538.80 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों में इन शेयरों में बढ़त-** सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, एनटीपीसी, बीईएल, इंडिगो, एमएंडएम, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, ट्रेंट, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

## एआई, 6जी और क्वांटम टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-फिनलैंड : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटाइजेशन और स्थिरता के क्षेत्र में अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर काम कर रहे हैं। इससे दोनों देशों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6जी, क्लीन एनर्जी और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग और बढ़ेगा।

### हाई-टेक सेक्टर्स में बढ़ रहा सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच हाई-टेक क्षेत्रों में बढ़ रहे सहयोग का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ने से भारत और फिनलैंड के संबंधों को नई ऊर्जा मिली है।

### एफटीए से व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल की शुरुआत में भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुए ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और गति मिलेगी।

### रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि हैं स्टब

प्रधानमंत्री ने कहा, फिनलैंड के राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली भारत यात्रा पर आए राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब का मैं स्वागत करता हूं। आप जैसे अनुभवी नेता का इस वर्ष के रायसीना डायलॉग का मुख्य अतिथि बनना हमारे लिए सम्मान और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।



### हैदराबाद हाउस में हुई उच्चस्तरीय वार्ता

दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हैदराबाद हाउस में हुई। इस दौरान भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, वार्ता में रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए कई विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

### क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा

दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। साथ ही बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के सम्मान में लंच का आयोजन भी किया।

### जयशंकर ने भी की मुलाकात

इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फिनलैंड के राष्ट्रपति से मुलाकात की और प्रधानमंत्री के साथ होने वाली उच्च स्तरीय बैठक से पहले द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि वे रायसीना डायलॉग में राष्ट्रपति स्टब के संबोधन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जहां अतिथि नेता मुख्य भाषण देंगे।



# देवगढ़ में 12 मार्च से जिला स्तरीय सीनियर रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ के तत्वावधान में देवगढ़ में 12 मार्च से जिला स्तरीय सीनियर रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।संघ के सचिव नितिन तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग की टीमें भाग लेंगी। संघ के अध्यक्ष जय सिंह चुण्डावत एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के अनुसार प्रतियोगिता में वर्ष 2008 या उससे पूर्व जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जबकि विशेष अनुमति के आधार पर वर्ष 2009 में जन्मे खिलाडिय़ों को भी भाग लेने का अवसर दिया जाएगा।संघ के उपाध्यक्ष अजय नरानिया व अनिल जिनगर ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित टीम 14 मार्च से जोधपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।इच्छुक खिलाड़ी एवं टीमें अपने आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज फोटो के दो-दो सेट 9 मार्च तक राजेंद्र सुथार के पास जमा करवा सकते हैं।प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अभिषेक जोशी, कुंजबिहारी जोशी, विनीत वेद, अभिषेक मनिहार और कुलदीप जोशी की पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

# राजसमंद ग्रामीण में संदिग्ध बाल अपहरण गिरोह के तीन सदस्य पकड़े, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के आमेट थाना क्षेत्र के गूगली गांव में गुरुवार को संदिग्ध बाल अपहरण गिरोह के तीन संदिग्ध सदस्यों को ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार तीनों संदिग्ध गांव में इधर-उधर घूमते नजर आए, जिनमें से एक व्यक्ति महिला के वेश में था। ग्रामीणों को उनके हावभाव और गतिविधियों पर शक हुआ। बताया जा रहा है कि तीनों ने अपनी मोटरसाइकिल गांव के यात्री प्रतीक्षालय के पास खड़ी कर रखी थी और बार-बार गांव में चक्कर लगा रहे थे।ग्रामीणों को जब मामला संदिग्ध लगा तो उन्होंने तीनों को रोककर पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अपने कब्जे में लेकर आमेट थाने ले गई।पुलिस द्वारा तीनों संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं ग्रामीणों की सतर्कता से संभावित बड़ी घटना टलने की चर्चा गांव में बनी हुई है।

## आर. के. जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों के लिए रामाश्रय शिविर 6 मार्च को

# 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को एक ही छत के नीचे मिलेगी विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आर के राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर में 6 मार्च को वृद्धजनों के लिए विशेष रामाश्रय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को समर्पित रहेगा, जिसमें उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच, परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश रजक ने बताया कि शिविर में फिजिशियन, हड्डी रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ तथा फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा वृद्धजनों की जांच एवं उपचार किया जाएगा। शिविर में वृद्धजनों की जटिल स्वास्थ्य समस्याओं जैसे याददाश्त में कमी, शरीर के अंगों की कार्यक्षमता में कमी, आंखों की कमजोरी, जोड़ों एवं घुटनों का दर्द, सुनने में परेशानी आदि की जांच कर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।इसके साथ ही शिविर में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज तथा आवश्यक खून की जांच भी की जाएगी। पात्र वृद्धजनों को चश्मा वितरण, सुनने की समस्या का निवारण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर के दौरान दिव्यांगजन प्रमाण पत्र तथा आभा आईडी बनाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।उन्होंने बताया कि आरके राजकीय जिला चिकित्सालय राजसमंद में वृद्धजनों के लिए 10 बिस्तरों का अलग रामाश्रय वार्ड भी संचालित है, जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष एवं महिला मरीजों का विशेष सुविधाओं के साथ उपचार किया जाता है।उन्होंने जिले के सभी पात्र वृद्धजनों से अपील की है कि वे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ प्राप्त करें। शिविर में आने वाले सभी नागरिक अपने साथ आधार कार्ड तथा जन आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं।

# तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में बुधवार देर रात तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक पर जा रहे युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे से में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद कालवाड़ पुलिया के पास लंबा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्त के बाद यातायात सुचारु कराया।

हेड कॉन्स्टेबल महावीर प्रसाद ने बताया की थाना इलाके में स्थित कालवाड़ पुलिया के पास बुधवार रात करीब सवा 12 बजे दिल्ली -अजमेर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने चुरु के सातडा हाल विश्वकर्मा नींदड मोड निवासी मनोज (36) की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार पेंटर मनोज उझलकर ट्रेलर के टायर के नीचे आ गया और तेज रफ्तार ट्रेलर उसे कुचलता हुआ फरार हो गया। मनोज ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी शिनाख्त कर मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी और शव को कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से गुरुवार दोपहर को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर ट्रेलर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और हादसे के बाद फरार होने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।


## तीर्थराज पुष्कर में 8 मार्च से 43 दिवसीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ

# वैश्विक संकट के बीच भारत का महाशांति-संकल्प

बढ़ता राजस्थान







**पुष्कर (राजस्थान)।** विश्वभर में बढ़ते युद्ध जैसे हालात, अंतरराष्ट्रीय तनाव और अस्थिरता के बीच भारत की आध्यात्मिक परंपरा से विश्व शांति के लिए एक बड़ी पहल होने जा रही है। तीर्थराज पुष्कर में 8 मार्च से 19 अप्रैल तक 43 दिवसीय 'शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ' आयोजित किया जाएगा, जिसमें 3 करोड़ आहुतियां और 24 करोड़ गायत्री मंत्र जाप के माध्यम से वैश्विक संतुलन और शांति की कामना की जाएगी।

महा निर्माणी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी श्री प्रखर जी महाराज के सानिध्य में होने वाले इस महायज्ञ की तैयारियां लगभग एक वर्ष पूर्व ही शुरू हो गई थीं। स्वामी प्रखर जी महाराज ने वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को पहले से ही भांपते हुए इस महायज्ञ का संकल्प लिया था।

करपात्री जी महाराज के प्रमुख शिष्य स्वामी प्रखर जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित यह महायज्ञ विप्र फाउंडेशन और श्री प्रखर परोपकार मिशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। आयोजन समिति के मुख्य संयोजक सुशील ओझा ने बताया कि शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का उद्देश्य विश्वभर में व्याप्त अशांति और भय को समाप्त कर शांति स्थापना का मार्ग प्रशस्त करना है।

स्वामी प्रखर जी महाराज का भी कहना है'शास्त्रों में महायज्ञों के प्रभाव से सृष्टि-संतुलन और कल्याण का वर्णन मिलता है तो वर्तमान संघर्षपूर्ण वातावरण में आध्यात्मिक साधना के माध्यम से शांति का मार्ग भी प्रशस्त किया जा सकता है।'

### 200 हवन कुंडों में होंगी 3 करोड़ आहुतियां

महायज्ञ आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक तिलक राज शर्मा ने बताया कि महायज्ञ के लिए शास्त्रीय मानकों के अनुरूप 200 हवन कुंडों का निर्माण किया गया है। इन कुंडों में लगभग 3 करोड़ आहुतियां अर्पित की जाएंगी, जबकि महायज्ञ स्थल पर 2000 से अधिक साधक 24 करोड़ गायत्री मंत्रों का जाप करेंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी ने बताया कि हवन कुंड केवल अग्नि वेदियां नहीं, बल्कि मां भगवती का मुख माने जाते हैं। महायज्ञ में प्रयुक्त हवन सामग्री से लेकर संपूर्ण विधि-विधान पूर्णतः शास्त्र सम्मत रखा गया है। यज्ञ में 200 चयनित ब्राह्मण दंपति बैठेंगे उन्हें भी विधिवत प्रायश्चित व संकल्प कराया गया है। वहीं 2000 से अधिक साधकों का चयन भी साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है।

### 8 मार्च को भव्य शोभायात्रा से होगा शुभारंभ

आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष अशोक जोशी ने बताया कि महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ 8 मार्च को सायं 4 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। महायज्ञ के लिए खेरकड़ी रोड पर लगभग 80 बीघा क्षेत्र में भव्य यज्ञनगरी विकसित की गई है, जो आगामी 43 दिनों तक साधना, जप और विश्व कल्याण के संकल्प का केंद्र बनेगी।

### भारत से उठेगा शांति का संदेश

महायज्ञ संचालक मंडल के सदस्य नवीन शर्मा के अनुसार वर्तमान वैश्विक संघर्ष की पृष्ठभूमि में भारत की आध्यात्मिक परंपरा से प्रेरित यह महायज्ञ विश्व समुदाय को शांति, सद्भाव और संतुलन का संदेश देगा।

इस बीच महायज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गुरुवार को स्वामी प्रखर जी महाराज के सानिध्य में एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जबकि यज्ञाचार्य, साधक और यजमान पुष्कर पहुंचने लगे हैं।

## पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने जमकर खेली होली

# जिला कलेक्टर और एसपी पुलिस के जवानों के साथ होली गीतों पर खूब थिरके

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** डीग की पुलिस लाइन में गुरुवार को होली का पर्व उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और एसपी ओमप्रकाश मीणा ,एडिशनल एसपी अखलेश शर्मा और सीओ सीता राम बैरवा ने पुलिसकर्मियों के साथ एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला कलेक्टर एस पी मीणा , ए एस पी शर्मा और सीओ बैरवा ने सभी थानों के प्रभारियों और पुलिस कर्मियों के साथ डीजे और डोल की आवाज पर होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। पुलिस लाइन के हेड कांस्टेबल अतर सिंह ने घाघरा लुगड़ी पहनकर महिला के भेष में साथी पुलिस कर्मियों के साथ जमकर ठुमके लगाए और खूब मनोरंजन किया।इसके अलावा जिले के सभी थानों और चौकियों में भी पुलिसकर्मियों ने जम कर होली खेली ।

4 मार्च को धुलेंडी के दिन जब जिले में लोगों ने होली का त्यौहार मनाया उस दौरान पुलिसकर्मी हिंदुओं के इस सबसे बड़े त्योहार पर पूरे दिन अपने अपने क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। होली का महापर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो जाने के बाद पुलिस कर्मियों ने गुरुवार को होली मनाते हुए इस रंगों के त्योहार का जम कर लुफ्त उठाया।

# कुंवर वेदांत कुमार बने राजस्थान गो सेवा समिति राजसमंद के संरक्षक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान गो सेवा समिति, जयपुर शाखा राजसमंद की बैठक में कुंवर वेदांत कुमार को समिति का संरक्षक नियुक्त किया गया। जानकारी देते हुए जिला महामंत्री सुशील बडाला ने बताया कि यह निर्णय जिला अध्यक्ष जेठुसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में लिया गया।बैठक में श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली के तृतीय पीठाधीश्वर कुंवर वेदांत कुमार से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान गो सेवा समिति राजसमंद का संरक्षक बनने का आग्रह किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस दौरान श्री द्वारकाधीश मंदिर अधिकारी एवं समिति के पूर्व अध्यक्ष भगवती लाल पालीवाल , आसोटिया मंदिर गौशाला अधिकारी भगवतीलाल अजमेरा , जिला महामंत्री सुशील बडाला , कोषाध्यक्ष सुंदरलाल विजयवर्गीय, मंत्री आदित्य शर्मा, तेजाराम कुमावत, परम गो भक्त मनीष पुरोहित, सुनिस टांक सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में गो माता के संरक्षण और संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पूरे देश में चल रहे गो माता सम्मान आव्हान अभियान की जानकारी भी दी गई। इस अभियान के तहत 27 अप्रैल 2026 को राजसमंद तहसील व जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर गो माता को सम्मान व संरक्षण दिलाने की मांग प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम भेजी जाएगी।समिति पदाधिकारियों ने राजसमंद जिले की सनातनी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की।

# डीग में भगवान राधा कृष्ण और लोक देवता देवनारायण बाबा की मूर्तियों की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## कामा रोड पर नवनिर्मित देवनारायण मंदिर पर विधि विधान से मूर्तियों की कराई गई प्राण प्रतिष्ठा

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** डीग यहां कामा रोड पर बनवाए गए भगवान देवनारायण मंदिर पर भगवान राधा कृष्ण और भगवान देवनारायण की मूर्ती स्थापना कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को डीग शहर में बैंड बाजों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें राधा कृष्ण और भगवान देवनारायण की मूर्तियां आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ पर सवार थी, जिनके आगे बड़ी संख्या में महिलाएं सर पर मंगल कलश धारण कर भजन गाते हुए चल रही थी। शोभायात्रा में सजाई गई राधा कृष्ण और शिव पार्वती की झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। शहर के दिल्ली दरवाजा से शुरू होकर यह शोभायात्रा नई सडक़ गणेश मंदिर पुरानी अनाज मंडी होते हुए सेवानिवृत्ति तहसीलदार निहाल सिंह द्वारा बनवाए गए भगवान देवनारायण भगवान के मंदिर पर पहुंची जहां पर विधि विधान से पंडित पवन शर्मा द्वारा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ शैलेश सिंह, समाजसेवी और भाजपा नेता सतवीर कसाना, गुर्जर समाज के जिला अध्यक्ष परमेंद्रसिंह, भाजपा नेता लखपत गुर्ज,र डॉ महेंद्र सिंह,पार्षद प्रतिनिधि महावीर सिंह, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता,अजय सिंह, पृथ्वी गुर्जर आल्हा गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# तेज रफ्तार कार ने डेयरी संचालक को मारी जोरदार टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बगरु थाना इलाके में गुरुवार अल सुबह तेज रफ्तार ने डेयरी संचालक को जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में पीड़ित करीब 20 फीट हवा में उछलने के बाद सडक़ पर आ गिरा और गंभीर रुप से घायल हो गया। तेज रफ्तार कार भी थोड़ा आगे जाकर फंस गई। इस पर कार सवार दोनो युवक जैसे -तैसे बाहर निकले और घायल युवक को सडक़ पर पड़ा देख कार को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार जब्त कर रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर दोनो युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित बगरू इंडस्ट्रियल एरिया के संडे मार्केट में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे डेयरी संचालक विकास (21) सावर की बगीची ,बगरु निवासी दुकान खोलकर दूध के कैरेट बाहर निकाल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने डेयरी संचालक विकास को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पीड़ित 20 फीट दूर उझलकर दूर जा गिरा और तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होते हुए आगे बनी सीढिय़ों में फंस गई। जिसके बाद कार सवार दोनो युवक तैसे-तैसे कार से बाहर निकले और गंभीर घायल अवस्था में पड़े युवक को देखकर कार छोड़ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार जब्त ,घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनो युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

## अजमेर में नियम विरुद्ध पट्टे जारी करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई: स्वायत्त शासन मंत्री

# नगर निगम अजमेर द्वारा गत 6 माह में जारी किए गए पट्टों की अतिरिक्त जिला कलेक्टर स्तर पर होगी जांच, 2 सप्ताह में सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट

## चार अधिकारी एपीओ, जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि गत 6 महीने में नगर निगम अजमेर द्वारा जारी सभी पट्टों की जांच अतिरिक्त जिला कलेक्टर स्तर पर की जा जाएगी। उन्होंने कहा कि नियम विरुद्ध पट्टे जारी किए जाने के प्रकरण में अजमेर नगर निगम के चार कार्मिकों को एपीओ किए जाने के आदेश आज ही जारी किए जाएंगे। उनका मुख्यालय जयपुर किया जाएगा ताकि वे किसी भी प्रकार से जांच को प्रभावित न कर सके।

स्वायत्त शासन मंत्री शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी द्वारा लाए गए ध्यान आकर्षण प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राजस्व जमाबंदी ग्राम थोक तेलियान के खाता संख्या 480 खसरा नंबर 2227 मिन रकबा दो बीघा आठ बिसवा, 10 बिस्वांशी तथा 2227 मीन रकबा 4 बिसवा से संबंधित भूमि 1971 में नगर सुधार न्यास अजमेर द्वारा अवाप्त की जा चुकी थी। उन्होंने कहा कि मुआवजे हेतु समस्त खातेदारों के सहमत ना हो पाने के कारण राजस्व रिकॉर्ड में अवाप्तशुदा भूमि नगर सुधार न्यास अजमेर के नाम नहीं हो सकी। उक्त भूमि खातेदार रामपाल के नाम दर्ज रही एवं तत्पश्चात विरासत से नामांतरण संख्या 1093 दिनांक 7-2-2019 द्वारा कानूनी वारिसों को हस्तांतरित की गई। उन्होंने बताया कि नगर निगम अजमेर में उपलब्ध खसरा गिरदावरी अनुसार उप खसरा 2227 ए.सी.आर. आना सागर सर्कुलर योजना का भाग है जो कि नगर सुधार न्यास अजमेर द्वारा नगर निगम अजमेर को स्थानांतरित की जा चुकी है।

खर्रा ने कहा कि वर्ष 2020 में खसरा नंबर 2227 पर 1450 वर्ग गज का आवासीय नक्शा स्वीकृत किया गया था। तत्पश्चात प्राप्त शिकायत की जांच में भूमि कृषि भूमि पाए जाने के कारण आवासीय नक्शा निरस्त कर दिया गया था। स्वीकृत आवासीय नक्शे जारी कर निरस्त करने के संबंध में किसी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। वर्तमान में उक्त प्रकरण न्यायालय सिविल न्यायाधीश संख्या 3 अजमेर में लंबित है। अन्य प्रकरण पट्टा क्रमांक नगर निगम अजमेर /69/2025-26 एस. एस. एस. 129 के संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन में माननीय न्यायालय के समक्ष लंबित वाद के तथ्यों को छुपाकर झूठे शपथ पत्र प्रस्तुत कर पट्टा प्राप्त किया गया था। उक्त प्रकरण में नगर निगम अजमेर द्वारा आवेदक के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए पत्र लिखा गया है। नगर निगम अजमेर द्वारा उक्त पट्टे को निरस्त किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त धोखाधड़ी से पट्टा प्राप्त करने के एक प्रकरण में खसरा नंबर 2227 को खसरा नंबर 316 बता और उसका पट्टा गलत तरीके से प्राप्त कर लिया गया है। यह पट्टा भी निरस्त किया जाएगा। नियम विरुद्ध पट्टे जारी करने के प्रकरण में अजमेर नगर निगम के चार कार्मिकों, उपायुक्त (विकास) कीर्ति कुमावत, वरिष्ठ प्रारुपकार सुरेश चौधरी, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) राजेश मीणा और कनिष्ठ सहायक सादिक हुसैन, के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। स्वायत्त शासन मंत्री ने बताया कि जिला कलेक्टर अजमेर को यह प्रकरण जांच के लिए सौंपा जा रहा है। उनकी देखरेख में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रैंक के एक अधिकारी द्वारा दो सप्ताह में इस पूरे प्रकरण एवं गत 6 माह में नगर निगम द्वारा जारी पट्टों की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इस संबंध में आज ही निदेशक स्वायत्त शासन विभाग, श्री जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर द्वारा जिला कलेक्टर अजमेर को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट में जो भी कार्मिक दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं हों सुनिश्चित सरकारी योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को शिक्षा विभाग की जिला निष्पादक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पीएम श्री स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा विद्यालय परिसरों में पेयजल, स्वच्छ एवं उपयोगी शौचालय, पुस्तकालय, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित रहें। डॉ. सोनी ने विद्यालयों के पुस्तकालयों को अधिक सक्रिय बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों का विद्यार्थियों के बीच नियमित वितरण किया जाए तथा विद्यार्थियों को पुस्तक अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों में पुस्तकों के संरक्षण एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए भी प्रयास किए जाएं। बैठक में जिला कलक्टर ने भूमि विहीन विद्यालयों की समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे विद्यालयों के लिए शीघ्र भूखंड उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेल मैदान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि के लिए विशेष अभियान चलाने, विद्यार्थियों के जन आधार प्रमाणिकरण एवं आधार प्रमाणिकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से हासिल करने के निर्देश दिए।

## रमज़ान में इंसानियत की मिसाल जयपुर में सामूहिक इफ्तार, सभी धर्मों के मरीजों का होगा मुफ्त इलाज



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रमज़ान के पाक महीने में शहर में भाईचारे और इंसानियत की अनूठी मिसाल देखने को मिली। बांस बदनपुरा स्थित मोहल्ला टिक्की गरान में भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 500 से अधिक रोज़ेदारों ने एक साथ रोज़ा खोला। कार्यक्रम का आयोजन आसिफा हेल्थ क्लीनिक के संचालक डॉ. मकबूल अहमद और की ओर से किया गया। इफ्तार के बाद रोज़ेदारों ने सामूहिक नमाज़ अदा कर देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर डॉ. मकबूल अहमद ने कहा कि रोज़ा इंसान को सब्र, परहेजग़ारी और ईमानदारी का पैग़ाम देता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक बड़ी सामाजिक पहल की घोषणा करते हुए कहा कि रमज़ान के पूरे महीने उनकी क्लीनिक पर आने वाले किसी भी धर्म के मरीज का इलाज एमएल हॉस्पिटल में मुफ्त कराया जाएगा। उनके इस फैसले को लोगों ने खूब सराहा और इसे सामाजिक सौहार्द की मिसाल बताया।

## सावधान- टीआरएआई अधिकारी बनकर लूट रहे साइबर ठगः राजस्थान पुलिस ने जारी की बचने की गाइडलाइन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम विंग ने एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वीके सिंह ने बताया कि आजकल जालसाज खुद को टीआरएआई (भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण) या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर आमजन को अपना शिकार बना रहे हैं।

**कैसे बिछाया जा रहा है ठगी का जाल :** पुलिस अधीक्षक साइबर सेल पुलिस मुख्यालय शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर लोगों को ठगने के लिए मुख्य रूप से इन चार तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं:

**1. डिजिटल अरेस्ट- डर का नया हथियार :** अपराधी खुद को सीबीआई, पुलिस, कस्टम या ईडी का अधिकारी बताते हैं। वे दावा करते हैं कि आपके आधार कार्ड या मोबाइल नंबर का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग या ड्रग तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में हुआ है। आपको वीडियो कॉल पर बंधक (डिजिटल अरेस्ट) जैसा माहौल बनाकर डराया जाता है और केस रफा-दफा करने के नाम पर मोटी रकम ट्रांसफर करवा ली जाती है।

**2. सिम डीएक्टीवेशन और केवाईसी फ्रॉड :** आपके पास मैसेज आता है कि अगले 2 घंटे में आपकी सिम बंद हो जाएगी। केवाईसी अपडेट करने के बहाने अपराधी आपसे फर्जी ऐप डाउनलोड करवाते हैं या लिंक पर क्लिक करवाते हैं। इससे आपका सिम स्वैप हो जाता है और अपराधी कॉल और एसएमएस फॉरवर्डिंग के जरिए आपके बैंकिंग ओटीपी हासिल कर लेते हैं।

**3. मोबाइल टावर का फर्जी लालच :** ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों में यह स्कैम तेजी से फैल रहा है। ठग आपकी जमीन पर टावर लगाने के बदले 20,000 से 50,000 मासिक किराया और लाखों रुपये एडवांस देने का लालच देते हैं। इसके बाद एग्रीमेंट फीस या रजिस्ट्रेशन के नाम पर आपसे पैसे ऐंठ लिए जाते हैं।

**4. फर्जी सरकारी पत्र :** अपराधी ट्राई, सीबीआई या दूरसंचार विभाग के फर्जी लोगो और लेटरहेड का उपयोग कर ईमेल या पत्र भेजते हैं। इसमें कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जाती है ताकि डर के मारे व्यक्ति उनकी मांगों को मान ले।

**खुद को ऐसे बचाएं :** सत्यता जानें- ट्राई कभी भी किसी व्यक्ति को वीडियो कॉल पर पूछताछ के लिए नहीं जोड़ता और न ही डिजिटल अरेस्ट करता है।

## देवनानी ने किया सिविल डिफेन्स सीनियर वॉलिंटियर्स कार्निवल के पोस्टर का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को यहां राजस्थान विधान सभा में सिविल डिफेन्स वॉलिंटियर्स कार्निवल के पोस्टर का विमोचन किया।

देवनानी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा सेवा के वरिष्ठ स्वयं सेवकों के लिए राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन तीन से पांच अप्रेल तक अजमेर के पुष्कर में होगा। सम्मेलन का विषय जन सुरक्षा की गांरटी है। इस मौके पर नागरिक सुरक्षा से जुडे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## जोबनेर माता की तृतीय पदयात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

### दांता से 07 मार्च को होगी माता की पदयात्रा रवाना 08 मार्च को लगेगा भोग

बढ़ता राजस्थान



**दांतारामगढ़ (नि.स.)।** दांता के हुक्माजी की ढाणी में स्थित ज्वाला माता मंदिर से जोबनेर ज्वाला माता की पदयात्रा को लेकर, शिव मंदिर परिसर के पास मंगलवार रात्रि 8 बजे जोबनेर माता की तृतीय पदयात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर समिति के पदाधिकारी व सदस्यों की बैठक आयोजित हुई , जिसमें भोजन, आवास, प्राथमिक चिकित्सा, वाहन व्यवस्था आदि को लेकर समिति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं, भक्तों के बीच चर्चा हुई। दांता जोबनेर माता के सेवा समिति कार्यकर्ता भागाराम कुमावत ने बताया कि 7 मार्च 2026 शनिवार को माताजी की पूजा अर्चना करते हुए सुबह 7 बजे माताजी की झांकी व डीजे के साथ धूमधाम से पदयात्रा रवाना होगी।

इसके बाद पदयात्रा रात्रि को रेनवाल पचकोडिया के आस पास में विश्राम करेगी। दूसरे दिन 8 मार्च रविवार को जोबनेर ज्वाला माता की पके भोग लगाकर प्रसादी ग्रहण की जायेगी। इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को ज्वाला माता जाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मंदिर सेवा समिति कार्यकर्ताओं सहित काफी संख्या में भक्तजन मोजूद रहे।


### कृषि महाविद्यालय, झिलाई (निवाई), टोंक

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर), Email : dean.coajhilai@sknau.ac.in

क्रमांक :- कृमविझि/संस्था./2026/4102 दिनांक :- 28/02/2026

**विज्ञापन**

कृषि महाविद्यालय, झिलाई (टोंक) के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में All in One DSP for Classroom संलग्न सूची के अनुसार क्रय करनें हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं/सेवाप्रदाताओं संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 06.03.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदायें खुली निविदा प्रक्रिया के तहत द्वि लिफाफे पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की सभी शर्ते कार्यालय दिवस में निविदा फार्म शुल्क रूपये 500/– एवं MSME के लिए RTPP Rules 2013 के अनुसार Dean, College of Agriculture, Jhilai के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट, बैंकर चैक या नगद राशि का भुगतान कर दिनांक 06.03.2026 दोपहर 11.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकतें हैं अथवा **www.sknau.ac.in** एवं **sppp.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकतें हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन दोपहर 3.00 बजें उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष कृषि महाविद्यालय, झिलाई की गठित कमेटी द्वारा खोली जावेगी। निविदा को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

| Sr. No. | Name of Items | Approx. Amount (Rs.) | 2% Earnest Money (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | All in One DSP for Classroom<br>**UBN No. - SKN2526GSOB00532** | 600000.00 | 12000.00 |

राज.संवाद/सी/25/21747 अधिष्ठाता


## कुश्ती प्रतियोगिता का उद्देश्य पहलवानों की प्रतिभा को निखारना : सी.एल. ठीकरिया

बढ़ता राजस्थान



**मेहंदीपुर बालाजी (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती ठीकरिया गाँव में होली के तीसरे दिन प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले हन्डूकड़ी मेले में इस वर्ष भी उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में आसपास के दर्जनों गांवों से बच्चे, महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। मेले में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में 5100 रुपये तक के इनाम की कुश्तियां रखी गईं, जिनमें पहलवानों ने दमखम दिखाते हुए ज़ोर आजमाया। विशेष आकर्षण महिला कुश्ती प्रतियोगिता रही, जिसमें महिला पहलवानों ने भी शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। शराब मुक्त अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी. एल. ठीकरिया ने कहा कि कुश्ती प्रतियोगिता का उद्देश्य पहलवानों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें आगे बढने का मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्रीय युवाओं का कुश्ती के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा तथा खेल भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। कुश्ती दंगल में 5100 रुपये की सुरेंद्र पहलवान भरतपुर, 3100 रुपये की किशन सहाय पहलवान नांदरी, 2100 रुपये की चार इनामी कुश्ती बबली ठीकरिया, पंकज जांगिड़, गोविंद पहलवान कटारा भरतपुर, वहीं 1100 रुपये की इनामी कुश्ती दिनेश पहलवान सुरेर ने जीती। विजेता पहलवानों को प्रशासक कमलेश मीना, बनवारी पटेल, कालू मास्टर, सियाराम मास्टर, गजेंद्र पटेल ने विजेताओं को इनामी राशि देकर पुरस्कृत किया वहीं कुश्ती दंगल में मानसिंह पहलवान ठीकरिया, लखन पहलवान, मोहरसिंह मीना रेफरी रहे। मेले में ग्रामीण संस्कृति की झलक भी देखने को मिली और पूरा क्षेत्र खेल व उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया।


### कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी ( कलक्टर), जयपुर

www.jaipur.rajasthan.gov.in

क्रमांकः निर्वाचन/खुली-बो./ 2025-26/कोष /441 दिनांकः 27.02.2026

**अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या - 46/2025-26**

Bid for Tea, Biskit, Breakfast, Food and VIP Food Arrangement for Election in Jaipur District (Estimated value 4 lakh) are invited from interested bidders 06.03.2026 till 11.00 AM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the State; and www.jaipur.rajasthan.gov.in departmental Website.

**NIB NO : CJP2526A0034**

**UBN CJP2526SSRC00034**

जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर

DIPR/C/4816/2026


## लाखों रुपयों के विधुत उपकरण चोरी कर तोड़फ़ोड़ करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने गत दिनों पहले 8 लाख 23 हजार रुपए के विधुत उपकरणों आरएमयू में तोडफ़ोड कर उसमें लगे सामान को चुराने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी करने वाले उपकरणों को बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने गत दिनों पहले 8 लाख 23 हजार रुपए के विधुत उपकरणों आरएमयू में तोडफ़ोड कर उसमें लगे सामान को चुराने वाले शातिर बदमाश विष्णु गोस्वामी (42) निवासी मध्यप्रदेश हाल करधनी निवासी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराई गए विधुत उपकरण आरएमयू में लगे अर्थिंग पत्ती,तार,व चोरी के काम में लिए जाने वाले उपकरण रिंच चाबी व पेचकश को जब्त किया है ।

पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर साईकिल हीरो एचएफ डिलक्स बतौर सबूत जब्त की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितसे शहर में विधुत उपकरणों के चोरी होने की वारदातों का बड़ा खुलासा होने की संभावना जता रहीं है।

## जेडीए ने दो स्थानों से हटाए अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में आगरा रोड़ के पास जेडीए की अनुमादित योजना ग्रीनपार्क में 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 ग्राम बरखेडा में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्रीमती शिल्पा चौधरी ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़ के पास जेडीए की अनुमोदित योजना ग्रीनपार्क में 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बाउन्ड्रीवॉल का अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 की मौजूदगी में आज जोन- 10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बरखेडा जिला जयपुर के खसरा न0 631 गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण कर करीब 500 मीटर लम्बाई में सीमेंट के पिल्लर गाड, तारबन्दी कर टीन शेड लगाकर झाडियां डालकर किये गये अतिक्रमणों को प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 की मौजूदगी में आज जोन- 14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन एवं मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्रीमती शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।


### कार्यालय नगरपालिका मण्डल बानसूर (कोटपूतली - बहरोड)

Email id-bansur.ulb.jaipur@gmail.com Phone no. 01461-294231

क्रमांक. - न.पा.बा./2025-26/2098 दिनांकः 05.03.2026

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका बानसूर विभिन्न आवेदनकर्ताओ द्वारा राजस्व ग्राम बानसूर, बाढ़ भावसिंह, बाढ़ धुंधला, बाढ ठेगुवास में अपनी संपत्ति के कृषि भूमि नियमन/नामान्तरण एवं उपविभाजन योजना अंतगर्त पट्टे जारी करवाने हेतु आवेदन किये गए है सम्बंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नोटिस बोर्ड कार्यालय नगरपालिका बानसूर, उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय व पंचायत समिति कार्यालय पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति नगरपालिका बानसूर में अवधि 07 दिवस में प्रस्तुत करे ।

| क्र. स. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता | राजस्व ग्राम | विवरण | भूखण्ड का क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री चिराग यादव पुत्र श्री सुभाष चंद यादव | बाढ़ धुंधला | बाढ धुंधला | कृषि भूमि ख.सं. 330 | 194.83 वर्गगज | आवासीय |
| 2. | श्री चिराग यादव पुत्र श्री सुभाष चंद यादव | बाढ़ धुंधला | बाढ धुंधला | कृषि भूमि ख.सं. 330 | 146.25 वर्गगज | आवासीय |
| 3. | श्री चिराग यादव पुत्र श्री सुभाष चंद यादव | बाढ़ धुंधला | बाढ धुंधला | कृषि भूमि ख.सं. 330 | 135 वर्गगज | आवासीय |
| 4. | श्री चिराग यादव पुत्र श्री सुभाष चंद यादव | बाढ़ धुंधला | बाढ धुंधला | कृषि भूमि ख.सं. 330 | 127.75 वर्गगज | आवासीय |
| 5. | श्री चिराग यादव पुत्र श्री सुभाष चंद यादव | बाढ़ धुंधला | बाढ धुंधला | कृषि भूमि ख.सं. 330 | 213.12 वर्गगज | आवासीय |
| 6. | श्री रामानन्द पुत्र श्री बनवारी लाल | बाढ़ भावसिंह | बाढ़ भावसिंह | कृषि भूमि ख.सं. 499 | 194.44 वर्गगज | आवासीय |
| 7. | श्री जगदीश सिंह चौहान पुत्र श्री गिरवर सिंह चौहान | बाढ़ भावसिंह | बाढ़ भावसिंह | कृषि भूमि ख.सं. 499 | 391.46 वर्गगज | आवासीय |
| 8. | श्री हरगोविंद सिंह पुत्र श्री जगदीश प्रसाद | बानसूर | बानसूर | आबादी | 27.50 वर्गगज | आवासीय |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका बानसूर**

## सम्पादकीय

# परमाणु रिसाव हुआ तो......

ईरान युद्ध में परमाणु रिसाव के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का मानना है कि अमरीका और इजरायल जिस तरह बमबारी कर रहे हैं, मिसाइल-ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं, उनसे परमाणु केंद्रों पर चिंताजनक स्थितियां बनती जा रही हैं। हालांकि अभी आईएईए ने किसी भी तरह के परमाणु विकिरण की पुष्टि नहीं की है और न ही ऐसे संकेत हैं, लेकिन परमाणु रिसाव की संभावनाओं से इंकार भी नहीं किया है। आईएईए ने आपात बैठक भी की है, क्योंकि ईरान के राजनयिक रेजा नजाफी ने दावा किया था कि अमरीकी-इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला किया है, जबकि उन केंद्रों में शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर काम किया जा रहा है। अब बमबारी के बाद परमाणु रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। आईएईए ने ईरान सरकार के संबद्ध अधिकारियों से बात की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि परमाणु विकिरण फैल सकता है। यदि परमाणु रिएक्टर 'मेल्टडाउन' हुआ, तो 10 करीबी देशों में भी परमाणु खतरा पैदा हो जाएगा। फारस की खाड़ी में भी विकिरण पहुंचेगा और बड़े स्तर पर पानी जहरीला और जानलेवा हो सकता है। जलीय जीव तो मरेंगे ही, उनके अलावा मनुष्य में कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों का ज्यादा विस्तार होगा। यदि ईरान के परमाणु केंद्रों से रिसाव शुरू हुआ, तो सभी खाड़ी देश उसके दायरे में होंगे। कई अरब देशों के परमाणु रिएक्टर खतरनाक स्थितियों में हैं। ईरान ही नहीं, इराक, सीरिया, बहरीन, कुवैत आदि देशों में भी परमाणु साइट्स हैं। क्या वे परमाणु कार्यक्रम उन देशों के अपने और घोषित, वैध कार्यक्रम हैं अथवा अमरीका के परमाणु उपनिवेश हैं? यह दायित्व आईएईए का है। अमरीका ने इन देशों के परमाणु केंद्रों पर आपत्ति दर्ज नहीं की और न ही किसी हमले की धमकियां दीं! क्या ये 'संहारी संयंत्र' नहीं हैं? अलबत्ता आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने कहा है कि हमारे पास ऐसे किसी हमले की जानकारी नहीं है। फिर आपात बैठक में क्या विमर्श किया गया? फिर अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने चिंताजनक स्थितियां किस आधार पर आंकी थीं? अमरीका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने फिर दोहराया है कि ईरान परमाणु बम बनाने में जुटा है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का बयान भी सामने आया है कि हम परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाएंगे। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी के नेताओं के बयान आए थे कि वे यूक्रेन को परमाणु हथियार मुहैया कराने पर विचार कर रहे हैं। ये बड़े देश विनाश की ओर अग्रसर क्यों हो रहे हैं? इस संदर्भ में गौरतलब है कि ओमान की मध्यस्थता से जिनेवा में अमरीका और ईरान के बीच बातचीत के जो दौर हुए थे, उनमें ईरान यूरेनियम संवर्द्धन को 3-5 फीसदी तक कम करने को तैयार हो गया था। उस स्थिति में ईरान परमाणु बम नहीं बना सकता। आईएईए का एक अनुमान है कि यदि ईरान के इस्फहान, नतांज, बुशहर परमाणु संयंत्रों से विकिरण की नौबत आ गई, तो कमोबेश 20 देशों के करीब 51 करोड़ लोग उस खतरे के दायरे में होंगे। बहरहाल जिनेवा वार्ता एक ढकोसला थी और अमरीका-इजरायल ईरान पर हमला करने की योजना बहुत पहले बना चुके थे और उनकी खुफिया एजेंसियां उस पर काम कर रही थीं। अमरीका-इजरायल और ईरान, सभी खाड़ी देशों समेत, जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर अमरीकी एटम बम बरसाने और उनके बाद की त्रासद् स्थितियों को भूले नहीं होंगे। हिरोशिमा के बम-हमले में अनुमानतः 1,40,000 लोग और नागासाकी में करीब 74,000 लोग मार दिए गए।




**मेष**

आज का दिन आपको यह एहसास कराने आया है कि रिश्ते कभी बेकार नहीं जाते। कोई पुराना मित्र, जिससे लंबे समय से संपर्क नहीं था, अचानक आपके जीवन में सफलता का कारण बन सकता है।

**वृष**

आज का दिन सामान्य से बेहतर रहेगा, परंतु आपको सजग रहना होगा। आपके आसपास कुछ ऐसे लोग हो सकते हैं जो सामने से मित्रता दिखाएं, पर भीतर से विरोध रखें। इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाइए।

**मिथुन**

आज आपके जीवन में रिश्तों की मिठास घुलने वाली है। यदि वैवाहिक जीवन में किसी बात को लेकर दूरी या कड़वाहट थी, तो वह आज समाप्त हो सकती है। आपसी समझ और प्रेम का भाव मजबूत होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए नई संभावनाओं का संकेत दे रहा है। जो लोग रोजगार को लेकर चिंतित थे, उन्हें कोई अच्छी नौकरी का अवसर मिल सकता है। आपकी वाणी की मधुरता लोगों को प्रभावित करेगी।

**सिंह**

आज आप अपने किसी बड़े लक्ष्य की ओर निर्णायक कदम बढ़ाएंगे। आर्थिक लाभ के संकेत हैं और सफलता आपके आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी।

**कन्या**

आज आप ऊर्जा और सकारात्मकता से भरे रहेंगे। भाग्य का साथ मिलने से कठिन कार्य भी सरल लगने लगेंगे। परिवार के बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

**तुला**

आज का दिन आपको पुरानी उलझनों से बाहर निकालने वाला है। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं में राहत महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में लिया गया कोई निर्णय आपको दोबारा सोचने पर मजबूर कर सकता है।

**वृश्चिक**

आज आपके जीवन में स्थिरता और विस्तार के संकेत हैं। नया घर, जमीन या संपत्ति खरीदने की योजना बन सकती है। लंबी दूरी की यात्रा का विचार भी मन में आ सकता है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारियों से भरा रहेगा, लेकिन यही जिम्मेदारी आपको आगे बढ़ाएगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई महत्वपूर्ण दायित्व मिल सकता है और आपके वरिष्ठ आपके काम से प्रसन्न रहेंगे।

**मकर**

आज आप लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन की संभावना है, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा।

**कुंभ**

आज आप स्वयं को तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी और आपसी समझ बढ़ेगी। कहीं घूमने या यात्रा की योजना बन सकती है।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए नए विचारों और नई योजनाओं से भरा रहेगा। मन में कुछ अलग करने की चाह रहेगी, लेकिन अजनबियों पर तुरंत भरोसा करना ठीक नहीं होगा। कार्यक्षेत्र में आपको पहचान मिलेगी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 06 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1953 - 74 वर्ष की आयु में जोसेफ़ स्टालिन का निधन।
- 1967 - जोसेफ़ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची।
- 1996 - ईराक ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के तहत 'खाद्य के लिये तेल योजना' को स्वीकार किया, आयरिश रिपब्लिक आर्मी ने त्वरित युद्ध विराम को नकारते हुए ब्रिटेन के साथ 25 वर्षीय युद्ध की घोषणा की।
- 2001 - फिजी में महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ पार्टी में ही विद्रोह की स्थिति।
- 2003 - अल्जीरिया का एक विमान तामारासेट में दुर्घटनाग्रस्त, 102 से भी अधिक यात्री मरे।
- 2004 - उत्तर कोरिया का यूरेनियम आधारित कार्यक्रम होने से फिर इन्कार।
- 2008 -
- राजस्थान से राज्यसभा संसद प्रभा ठाकुर को अखिल भारतीय महिला काँग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- जॉन मैक्केन अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में सत्तारुढ़ रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी घोषित किये गए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सबरजीत कि दया याचिका खारिज की।
- 2009- भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएँ देने के बाद स्किंग-विंग लड़ाकू विमान मिग-23 ने अन्तिम उड़ान भरी।
- 2018- कॉनराड संगमा ने भारतीय राज्य मेघालय के 12वें मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ ली।
- 6 मार्च को जन्मे व्यक्ति
- 1992 - फवाद मिजरा़ - भारतीय घुड़सवार हैं।
- 1945 - सैयद अहमद - भारतीय राजनीतिज्ञ, लेखक और कांग्रेस के सदस्य थे।
- 1944 - रामशरण जोशी - भारतीय पत्रकार, सम्पादक, मीडिया के अध्यापक और समाजविज्ञानी हैं।
- 1936 - रामलाल बरेठ - प्रसिद्ध कत्थक नर्तक हैं जो छत्तीसगढ़ के रायगढ़ ज़िले (बिलासपुर संभाग) से हैं।

## विशेष आलेख

# शिखर से संवाद: इंजीनियरिंग की तार्किकता और पर्वतारोहण का साहस



अमिता शर्मा




इंजीनियरिंग की बारीकियों से पहाड़ों की ऊंचाई तक कोटा की आकांक्षा शर्मा ने साबित किया कि अगर फेफड़ों में प्राणायाम का दम और मन में फतह का संकल्प हो, तो दुनिया का कोई भी 'फ्रीजर' आपके हौसलों को नहीं जमा सकता।' 'एक महिला की असली शक्ति उसके भीतर छिपे उस संकल्प में है, जो असंभव दिखने वाले पहाड़ों को भी उसके हौसलों के आगे छोटा कर देता है।' अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उन कहानियों को उत्सव की तरह मनाने का दिन है, जो सीमाओं को लांघकर नई इबारत लिखती हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी है कोटा की बेटी आकांक्षा शर्मा कुटुम्बले की। पेशे से स्ट्रक्चरल इंजीनियर आकांक्षा ने न केवल सिविल इंजीनियरिंग के जटिल नक्शों को समझा, बल्कि दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण चोटियों पर तिरंगा लहराकर यह सिद्ध किया कि 'संकल्प की ऊंचाई' के आगे पहाड़ भी छोटे पड़ जाते हैं।

**शारीरिक दक्षता और सांसों का संतुलन**

पर्वतारोहण के विशेषज्ञों का मानना है कि ऊँचाई पर सफलता केवल इरादों से नहीं, बल्कि शरीर को वैज्ञानिक रूप से तैयार करने से मिलती है। आकांक्षा ने इसके लिए एक कड़ा अनुशासन अपनाया। उन्होंने रोज़ाना 10 किलोमीटर रनिंग, स्टेप वर्कआउट और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के ज़रिए अपना स्टैमिना तैयार किया। सबसे महत्वपूर्ण रहा उनका 'प्राणायाम' का अभ्यास। विशेषज्ञों की राय में, अधिक ऊँचाई पर जहाँ ऑक्सीजन का स्तर बेहद कम हो जाता है, वहाँ फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने में प्राणायाम एक अचूक औषधि की तरह काम करता है। यही कारण था कि पर्वतों की विरल हवाओं में भी आकांक्षा अपनी सांसों पर नियंत्रण रख पाईं।

**किलिमंजारो: 'स्टेला पॉइंट' की परीक्षा और मानसिक विजय**

अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (5,895 मीटर / 19,341 फीट) की चढ़ाई के दौरान 'समिट नाइट' सबसे कठिन परीक्षा थी। आकांक्षा बताती हैं कि उस रात का अनुभव रोंगटे खड़े करने वाला था। जब वे 'स्टेला पॉइंट' (5,756 मीटर / 18,885 फीट) के करीब पहुँचीं, जो कि शिखर की ढलान का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा माना जाता है, तब उन्होंने कई अन्य पर्वतारोहियों, विशेषकर कुछ महिलाओं को हार मानकर वापस नीचे लौटते देखा। शून्य से 13 डिग्री नीचे का तापमान और साथियों को वापस लौटते देख एक पल के लिए उनका मनोबल भी प्रभावित हुआ। लेकिन आकांक्षा ने धैर्य बनाए रखा और शिखर पर पहुँचकर कश्मीरी कानी साड़ी पहनी और तिरंगा लहराया।

**माउंट एल्ब्रूस: 'फ्रीजर के अंदर चलने जैसा अहसास'**

यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रूस (5,642 मीटर / 18,510 फीट) को 'ऑफ-सीजन' में फतह करना आकांक्षा की तकनीकी पकड़ का प्रमाण था। कॉकसस पर्वत श्रृंखला में स्थित एल्ब्रूस अपने घातक और अप्रत्याशित मौसम के लिए कुख्यात है। आकांक्षा ने वहाँ माइनस 20 से 25 डिग्री सेल्सियस तक के हाड़ कंपाने वाले तापमान का सामना किया।

उस खौफनाक ठंड को याद करते हुए आकांक्षा कहती हैं, 'वहाँ की परिस्थितियों में ऐसा महसूस हो रहा था मानो मैं किसी विशालकाय फ्रीजर के अंदर चल रही हूँ।' विशेषज्ञों के अनुसार, एल्ब्रूस की सबसे बड़ी चुनौती वहाँ चलने वाली 80 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाली बर्फीली हवाएं हैं। आकांक्षा ने उन तीखी हवाओं के बीच खुद को स्थिर रखा। 2019 में कश्मीर-लद्दाख से एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स करने के कारण वे 'क्रैम्पॉन' और 'आइस ऐक्स' जैसे उपकरणों के उपयोग में माहिर थीं, जिससे उन्होंने उन फिसलन भरी बर्फीली ढलानों को फतह किया।

**एक नजर में आकांक्षा का सफर**

नाम- आकांक्षा शर्मा कुटुम्बले (कोटा, राजस्थान) शिक्षा- एम.टेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, आईआईटी रुडकी)
महारत- किलिमंजारो (अफ्रीका) और एल्ब्रूस (यूरोप) का सफल आरोहण।
विशेषता- साड़ी पहनकर शिखर फतह कर सांस्कृतिक गौरव बढ़ाया। लक्ष्य- सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर विजय।

**एक साझा सफलता का संदेश**

आकांक्षा अपनी इस यात्रा का श्रेय अपने परिवार, विशेषकर अपनी सास के निरंतर सहयोग को देती हैं। समाज के जानकारों का मानना है कि यह उदाहरण उन रूढियों को तोड़ता है जो अक्सर विवाह के बाद महिलाओं के व्यक्तिगत सपनों पर विराम लगा देती हैं।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक: महंगाई के नए दौर की आहट

*भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50-52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है।*



सुनील कुमार महला

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेषकर ईरान, इजऱाइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। पाठकों को बताता है कि सबसे बड़ा खतरा होर्मुज जलडमरूमध्य को है, जहां से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50-52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6-7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पडऩा स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इजऱाइल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इजऱायली हमलों के कारण 4 मार्च 2026 (बुधवार) को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है।मसलन, बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। हालांकि, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 48 घंटों में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन, बहरीन, ओमान, कुवैत और कतर के नेताओं से बातचीत कर वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किए हैं।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## बढ़ता राजस्थान

### प्रेम गीत (एक अहसास)



यहां कोई राजकपूर कृत फिल्म प्रेम गीत का जिक्र नहीं किया जा रहा है यहां तो मैं उस प्रेम गीत का जीक्र कर रहा हूं जहां एक मन दूसरे मन से प्रेम करता हो। हालांकि एक जमाना था जब एक इंसान दूसरे इंसान से प्रेम किया करता था लेकिन आज ऐसा क्या हुआ कि इंसान ही इंसान का दुश्मन बन गया। वो भी वहीं इंसान जो हमारा अपना है। कोर्ट कचहरी थानें और हॉस्पिटल इस बात की गवाही दे रहे हैं कि जिनसे झगड़ा हुआ है वे जानकार ही हैं। शोध के मुताबिक हमारे 87 प्रतिशत झगड़े जो कोर्ट या थानों में पहुँचतें हैं वे हमारे अपनों से ही होता है। अब लेखक जिक्र किस प्रेम गीत का कर रहा है यहां ? दरअसल सच्चा प्रेम गीत ही जीवन है मित्रों, इस दुनिया से लौट कर वापिस जाना तय है ऐसा इस संसार में कोई इंसान नहीं जिसके पास रिर्टन टिकिट न हो..बस वापसी वाली गाड़ी कब आकर खड़ी होगी इस बात का ज्ञान सिर्फ और सिर्फ उस महाशक्ति के पास है फिर चाहे हम अपनी जन्मपत्री अनन्त ज्ञानियों को दिखाते रहें हों। एक बार उन लोगों के बारे में सोचिए जो बड़े चतुर, चालाक,धूर्त,मक्कार और होशियार रहे और दूसरी ओर उन लोगों के बारें में सोचिए जो सरल,सहज और मधुरभाषी रहे बेशक गरीब रहे लेकिन उनके बारे में सोचते ही मन पावित्रता से भर जाता है। बस यही प्रेम गीत है मित्रों सुबह का मतलब सिर्फ सूरज उगना नहीं होता सुबह का मतलब एक और मौका होता है जो जीवों में सिर्फ इंसान को ईश्वर ने दिया है,खुद को बेहतर बनाने का.. आखिर अंत में एक बात ओर स्टेटस जिंदगी का हो या मोबाइल का, स्टेटस ऐसा रखो कि लोग कॉपी करने पर मजबूर हो जायें।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,अलवर**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# नाखूनों से होली का पक्का रंग छुड़ाने के लिए आजमाएं ये घरेलू उपाय

नींबू और बेकिंग सोडा- नाखूनों से रंग साफ करने के लिए आप नींबू और बेकिंग सोडा के मिश्रण का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं और बेकिंग सोडा एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है। इन दोनों का मिश्रण नाखूनों को साफ करने में काम आ सकता है। इसके लिए एक कटोरी में एक चम्मच बेकिंग सोडा ले और उसमें आधे नींबू का रस मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को नाखूनों पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें। करीब 10 मिनट बाद हाथों को पानी से धो लें। इससे रंग काफी हद तक हल्का हो जाएगा। सफेद टूथपेस्ट में मौजूद क्लीनिंग एजेंट भी नाखूनों से रंग हटाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए थोड़ा सा सफेद टूथपेस्ट नाखूनों पर लगाकर 5 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद पुराने ब्रश या रुई की मदद से धीरे-धीरे रगड़ें और पानी से धो लें। इससे जमे हुए रंग को हटाने में मदद मिल सकती है। नारियल तेल और चीनी का मिश्रण न सिर्फ रंग को हटा सकता है, बल्कि नाखूनों को पोषण भी देता है। इसके लिए एक कटोरी में एक चम्मच नारियल तेल लें। इसमें एक चम्मच चीनी डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर इस मिश्रण को नाखूनों पर लगाकर 5 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। उसके बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे रंग के साथ-साथ मृत त्वचा भी साफ हो जाएगी। सफेद सिरका -नाखूनों से रंग हटाने के लिए आप सफेद सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आधा कप गुनगुने पानी में 2 चम्मच सफेद सिरका मिलाएं। इसमें अपने नाखून 5 से 10 मिनट तक डुबोकर रखें।

# टोंक में कलेक्टर-एसपी ने खेली होली:एस पी को कंधों पर बैठाकर डीजे पर डांस भी किया, एसपी बोले- जवानों की मेहनत से त्योहार शांतिपूर्ण रहा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** पुलिस लाइन के ग्राउंड में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। जवानों ने एसपी राजेश कुमार मीना को भी गुलाल लगाया और उनके साथ डीजे की धुन पर डांस किया। कुछ पुलिसकर्मियों ने एस पी राजेश कुमार मीना को कंधों पर बैठाकर जमकर डीजे पर डांस किया। ग्राउंड में बज रहे गानों के बीच पुलिसकर्मी रंग-गुलाल से सराबोर होकर डांस करते दिखाई दिए। माहौल में रंगों की खुशबू और हंसी-मजाक के बीच जवानों ने होली का आनंद लिया। एसपी बोले- जवानों की मेहनत से त्योहार शांतिपूर्ण रहा। पुलिस लाइन में एसपी राजेश कुमार मीना, कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और अन्य पुलिस अधिकारियों ने जवानों के साथ गुलाल लगाकर होली मनाई। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और एसपी राजेश कुमार मीना की टोंक में यह पहली होली रही।





### कलेक्टर भी पहुंचीं पुलिसकर्मियों के बीच

इस दौरान कलेक्टर कल्पना अग्रवाल भी पुलिस लाइन पहुंचीं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और जवानों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधिकारियों ने भी कलेक्टर को गुलाल लगाकर अभिवादन किया। कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने ग्राउंड में डीजे पर डांस किया और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई। होली पर ड्यूटी में लगे थे पुलिसकर्मी

होली के त्योहार पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के जवान लगातार ड्यूटी में लगे रहे। इसी वजह से कई पुलिसकर्मी उस दिन होली नहीं खेल पाए थे। ऐसे में गुरुवार को जिला मुख्यालय की पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ होली खेली। जिले के कई थानों में भी थाना स्तर पर पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। एसपी राजेश कुमार मीना ने कहा कि जिले में होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसमें सभी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और मेहनत का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा कि जवान लगातार ड्यूटी में लगे रहे, इसलिए आज पुलिस लाइन में सभी ने मिलकर होली खेली।

### कलेक्टर बोलीं- टोंक की होली कलरफुल

कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि टोंक में उनकी यह पहली होली है। उन्होंने कहा कि यहां की होली काफी कलरफुल है। उन्होंने कहा कि कोडामार होली और सम्राट की सवारी भी उन्हें काफी अच्छी लगी। पूरी होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि युवाओं की भागीदारी देखकर लगता है कि नई पीढ़ी भी कोडामार होली और सम्राट की सवारी जैसी परंपराओं में रुचि ले रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः 'अस्मिता' खेल प्रतियोगिता में जिले की महिलाएं दिखाएंगी दमखम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** माय भारत कार्यालय, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं जिला खेल अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 मार्च को प्रातः 10 बजे से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में महिलाओं और छात्राओं के लिए जिला मुख्यालय पर दशहरा मैदान में एक खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार, 'खेलो इण्डिया' और 'अस्मिता' ईनिशिएटिव के तहत यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खेल प्रतियोगिताओं में 13 वर्ष के कम की बालिकाओं के लिए 100 मीटर, 13 से 18 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए 200 मीटर तथा 18 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिए 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ-साथ मनोरंजन खेल रस्साकशी-नॉन कम्पिटेटिव का भी आयोजन किया जाएगा। सहभागिता के लिए महिलाओं और छात्राओं का पंजीकरण भारत सरकार की माय भारत पोर्टल एवं एनएसआरएस पोर्टल पर होना अनिवार्य है। कार्यक्रम से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए जिला माय भारत कार्यालय अथवा जिला खेल अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## हाऊसिंग बोर्ड कालोनी का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निवासियों का धमाल नाम से होली स्नेह मिलन समारोह खलियानों की बगीची हनुमान मन्दिर में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला-पुरूषों ने होली के पावन राधा रानी के भजनों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में राजकुमारी शर्मा, मन्जू गांधी, हेमा शर्मा, भारती विजय, हेमंत भार्गव, विजया जागिंड़, गुजंन, राजेश शर्मा, तनु शर्मा, मीना तिवाड़ी, तारेश विजय, सीता उपाध्याय, मन्जु विजय, नन्दनी शर्मा, रजना गुप्ता, सीता विजय, सुनिता विजय, बाबूलाल शर्मा, हनुमान जागिंड़, सुरेश विजय बिणजारी वाले, बद्री विजय, दशरथ पारिक, घनश्याम भार्गव, सुरेन्द्र शर्मा, भागचन्द विजय, राधेश्याम विजय, रामप्रसाद शर्मा, राज तिवाड़ी, ललित शर्मा, ललित जागिंड़ आदि शामिल हुए।

## इंजीनियर रानू तिवारी को राजस्थान गौरव अवॉर्ड से किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** सामथ्र्य सेवा संस्थान द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में इंजीनियर रानू तिवारी को राजस्थान गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को प्रेरित करने के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजय सिंह राठौड़ जिला कलेक्टर झालावाड़, विशिष्ट अतिथि ए.पी. सिंह दिल्ली/नोएडा के प्रख्यात वरिष्ठ अधिवक्ता तथा अमित बुडानिया पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मंच से रानू तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण एवं नेतृत्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान न केवल रानू तिवारी की उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि प्रदेश की बेटियों और युवाओं के लिए भी प्रेरणा है कि दृढ़ संकल्प एवं मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यह सम्मान समाजसेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान एवं नए अध्याय की शुरुआत है।

## जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग अन्य पिछड़ा वर्ग कार्यकारिणी घोषित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमेन हरसहाय यादव के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओबीसी विभाग जिला कार्यकारिणी घोषित की हैं, जिसमें उपाध्यक्ष शाहबाज खान, मुकेश कुमार सैन, हंसराज यादव, कालूराम गुर्जर, सहराब अली, हनुमान प्रसाद गुर्जर, सत्यनारायण चौधरी, रामदयाल गुर्जर, भरत लाल यादव, दुर्गालाल गुर्जर, अब्दुल्लाह गहिओत, जोरू लाल सैनी, बलराम चौधरी, शाकिर हुसैन, छुट्टन माली, राकेश सिंह, रामराय गुर्जर, रामवीर सिंह जाट, कोषाध्यक्ष गणेश प्रजापत, मीडिया प्रभारी मुबारक अली, अब्दुल हमीद अहमद, महासचिव सुरेश बेनीवाल, हीरा लाल यादव, दयाराम चौधरी, रामरतन यादव, टोनी सैनी, सवाई राम गुर्जर, प्रधान लाल जाट, अल्ताफ खान, मनराज गुर्जर, इस्तीकार अहमद, गिर्राज सिंह चौधरी, राजाराम वेष्णव, मुन्ना शैख, गिर्राज सैन, रामराय यादव, दयाराम गुर्जर, रामेश्वर चौधरी, आशाराम गुर्जर, गोविन्द चौधरी, सत्यप्रकाश सैनी, रामेश्वर दागोलिया, केलाश दरोगा, बद्री लाल यादव, विजय लक्ष्मी जांगीड़, अंकित राय, शिवपाल गुर्जर, सचिव इसाख मोहम्मद, मजहर खान, महावीर सिंह बडवा, हेमराज स्वामी, निजाम, राजेश कुमार यादव, बनवारी साहू, ब्रेजनाथ चौधरी, सीताराम धायल, कमलेश प्रजापत, जीतराम चौधरी, रमेश प्रजापत, रामजीलाल गुर्जर, चांद खान देशवाली, सीताराम जाट, रमेश कुमार जांगिड, गिरिराज चौधरी, फरीद सागवान आबिद मोहम्मद, मुकेश चौधरी, संदीप चौधरी, केदार यादव, राधेश्याम सैन, चाँद मोहम्मद, राजकुमार सैनी, निजाम मोहम्मद, भरत यादव, भगवानदास प्रजापत, मोहम्मद इकराम, जगमाल देव एवं मोहम्मद रजा को शामिल किया गया है।

## हर्षित गर्ग को सीए बनने पर दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक शहर के गर्ग परिवार के लाल हर्षित गर्ग सुपौत्र वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गर्ग ने चार्टेट अकाउटेंड की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया, जिस पर गर्ग परिवार सहित अग्रवाल समाज टोंक ने हर्ष व्यक्त करते हुए हर्षित हो सीए बनने पर बधाईयां दी। सीए हर्षित गर्ग ने जयपुर से अपनी पढ़ाई पूर्ण कर सीए की परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की तथा हर्षित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सैंट सोल्जर शिक्षा समिति टोंक से ग्रहण की। हर्षित को सीए बनने पर उसके दादा राधेश्याम गर्ग, मणिकांत गर्ग, पिता मिथलेश गर्ग, अग्रवाल समाज टोंक के अध्यक्ष राजेन्द्र गोयल, उपाध्यक्ष राजीव बंसल, श्यामलाल जैन सीए, सुनील बंसल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, दिनेश चौरासिया, वरिष्ठ उद्योगपति मोईनुद्दीन निजाम, एडवोकेट हरिकृष्ण शर्मा, सेंट सोल्जर शिक्षा समिति के निदेशक बाबूलाल शर्मा, प्रबंध निदेशक हितेश शर्मा, विष्णु मामा, महेन्द्र बंसल, एडवोकेट शैलेन्द्र गर्ग, कमलेश गर्ग, कुसूम तिवार, कुशल दासोत, बेणीप्रसाद जैन, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनीष बंसल, महामंत्री आनंद बंम, पूर्व उपसभापति हरिभजन गुर्जर, सलीमुद्दीन खान, विनोद शर्मा, कोटा जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौत्तम, सुनील जैन, बृजमोहन शर्मा एडवोकेट, कमल मुमिया बाटा वाले, गोविंद गर्ग सांवरवाले, शैलेष गोयल, अमित छामुनिया, मोहित गोयल, टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुर गोयल, महामंत्री मोतीलाल पहाडिया, शिक्षाविद् गोवर्धन हिरोनी, रमेश काला, कमलेश सिंगोदिया, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सतवीर गुर्जर, रोहित कुमावत, भजनलाल सैनी, मोहन गुर्जर उस्ताद आदि ने बधाई दी।



## ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजनाः निर्माण समयबद्ध और मुआवजा वितरण जल्द पूरा करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने गुरुवार को ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनएच-148एन पर एचडीडी (हॉरिजॉन्टल डायरेक्शनल ड्रिलिंग) पद्धति से किए जा रहे रोड क्रॉसिंग कार्य का अवलोकन किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परियोजना कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी प्रशासनिक समन्वय की आवश्यकता है, वहां त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिशाषी अभियंता, परियोजना खण्ड उनियारा ने बताया कि परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए बौंली एवं चौथ का बरवाड़ा तहसील क्षेत्रों में भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में मुआवजा राशि संबंधित भूमि अवाप्ति अधिकारियों के खाते में जमा करवा दी गई है। कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी बौंली को प्रभावित खातेदारों को मुआवजा राशि का शीघ्र वितरण कर भूमि का कब्जा विभाग को सुपुर्द कराने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना कार्यों को गति देकर समयबद्ध रूप से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना दौसा और सवाई माधोपुर जिलों के 1,256 गांवों एवं 6 कस्बों में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने की महत्वपूर्ण योजना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को शीघ्र पूर्ण कराएं।



## दंपती पर जानलेवा हमला, आरोपियों को 5 साल की जेल : एडीजे कोर्ट ने 4 साल बाद फैसला सुनाया, 16 हजार का जुर्माना लगाया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** सवाई माधोपुर में जानलेवा हमले के एक मामले में एडीज कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने चेतराम उर्फ धनपाल और कैलाश निवासी कारौली ताराचंद थाना बहरावण्डा कला को पांच साल के कठोर कारावास और 16 हजार 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला 1 अप्रैल 2022 का है, जब खेत में चने की फसल को लेकर हुए विवाद के दौरान दंपती के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई थी।

### चार साल बाद आया कोर्ट का फैसला

अपर लोक अभियोजक हरकेश मीणा ने बताया कि घटना 1 अप्रैल 2022 की है। महिला अनिता अपने पति हरिओम के साथ खेत में चने की फसल काटने गई थी। वहां पहुंचने पर देखा कि ससुर कैलाश और देवर चेतराम उर्फ धनपाल खेत में रखी चने की फसल को ट्रॉली में भर रहे थे।

### मना करने पर लाठी-डंडों से हमला

अनिता और उसके पति ने फसल ट्रॉली में भरने से मना किया तो विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि देवर चेतराम ने महिला के पति के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। महिला बीच-बचाव करने लगी तो ससुर कैलाश और देवर ने उसके साथ भी मारपीट की। इस घटना में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। अपर सैशन न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चेतराम उर्फ धनपाल और कैलाश को गंभीर मारपीट का दोषी माना।

## जेपी के निधन के बाद नेत्रदान पर किया सम्मान

### टोंक से जेपी बॉस के परिजन को वसुन्धरा राजे ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की और से जयपुर भट्टारक नसियां तोतूका भवन में आयोजित नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया एवं आई बैंक सोसायटी अध्यक्ष बी. एल. शर्मा ने समारोह में उपस्थिति नेत्रदानी परिवार का दुपट्टा ओढ़ाकर व शील्ड देकर सम्मान किया तथा नेत्रदाताओं उनके परिवार के प्रति श्रृद्धा प्रकट की। इस समारोह में पुरानी टोंक काला बाबा निवासी जगदीश प्रसाद शर्मा (जेपी बॉस) पुत्र मोहन लाल शर्मा का 28 जून 2025 को निधन हो गया था, निधन के बाद दिवंगत जगदीश प्रसाद शर्मा के किए नेत्रदान कार्य पर उनके परिजनों में छोटे भाई पवन शर्मा का मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य मंत्री वसुंधरा राजे सिंधियां एवं सोसायटी के पदाधिकारियों ने सम्मान कर नेत्रदानी परिवार के प्रति आदर भाव प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए 75 नेत्रदान करने वाले परिवारों को प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह व हमें नेत्रदानी परिवार होने का गर्व लिखी वाली पट्टिका को घर के बाहर लगाने वाली प्लेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नेत्रदानी परिवारजनों के इस निस्वार्थ कदम की सराहना करते हुए वसुंधरा राजे ने कहा कि अंगदान समाज को बदलने की आपार शक्ति रखता हैए राजे ने कहा कि नेत्रदान दान के सबसे अर्थपूर्ण रूपों में से एक है, क्योंकि यह अंधकार में जीवन जी रहे लोगों में उजाला ला सकता है। सोसायटी की और से पेश किए गए प्रतिवेदन के अनुसार 2002 में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की स्थापना की गई थी, जिसमें अब तक सोसायटी की और से पिछले 24 साल में 27 हजार कॉर्निया कलक्शेन किया है। इनमें से अब तक 17 हजार 500 दृष्टी बाधित को रोशनी मिली है।



## मिलेट हमारे लिए वरदान, सेहत और समृद्धि का आधार : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को फूल उत्कृष्टता केंद्र में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतपुर खंड के अतिरिक्त निदेशक कृषि देशराज सिंह ने की। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मिलेट्स (मोटे अनाज) आज के समय में किसानों और आमजन दोनों के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने किसानों से उन्नत किस्मों, वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों एवं प्रसंस्करण को अपनाने का आह्वान किया ताकि कम लागत में अधिक लाभ अर्जित किया जा सके। अतिरिक्त निदेशक कृषि देशराज सिंह ने किसानों को मिलेट्स की उन्नत उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी और बताया कि समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा समन्वित कीट प्रबंधन अपनाकर उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। संयुक्त निदेशक कृषि लखपत लाल मीणा ने मिलेट्स के पोषण महत्व, विभिन्न उन्नत किस्मों एवं इनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी तथा किसानों को इनके उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र की शस्य वैज्ञानिक डॉ. नूपुर शर्मा ने मोटे अनाजों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों, बीज उपचार, फसल प्रबंधन एवं खरपतवार नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी.एल. मीणा ने समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन तथा समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की तकनीकों के बारे में बताया। गृह वैज्ञानिक डॉ. चमनदीप कौर ने मोटे अनाजों से बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों जैसे बाजरे के लड्डू, बर्फी, केक एवं अन्य पारंपरिक व्यंजन की जानकारी देते हुए इनके पोषण महत्व पर प्रकाश डाला तथा इनके प्रसंस्करण के माध्यम से अतिरिक्त आय के अवसरों के बारे में बताया।

उपनिदेशक आत्मा अमर सिंह ने किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कृषि अनुसंधान अधिकारी देवेंद्र मीणा ने फूलों की उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक कृषि अधिकारी सुरेश स्वर्णकार ने किया तथा अंत में कृषि अधिकारी राजाराम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर उपनिदेशक फूल उत्कृष्टता केंद्र बृजमोहन मीणा, सहायक निदेशक राधारमण शर्मा, खेमराज मीणा, कृषि अनुसंधान अधिकारी डॉ. किशन गुर्जर, सहायक कृषि अधिकारी विजय जैन, रासबिहारी गुप्ता, कमलेश मीणा, राहुल शर्मा सहित कार्यशाला में 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया।



## निवाई में नकली देशी घी का बड़ा भंडाफोड़, जिला स्पेशल टीम की छापेमारी में कई ब्रांड के टिन और रैपर बरामद

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिले में मिलावट खोरों के हौंसले बढ़ते जा रहे है। पहले डिग्गी में नकली दूध की फैक्ट्री का जिला पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई कर खुलासा किया और आज निवाई में जिला स्पेशल पुलिस टीम ने खाद्य स्वास्थ्य विभाग के साथ नकली घी के गोदाम पर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस की जिला स्पेशल टीम ने गुरुवार को नकली देशी घी के एक बड़े कारोबार का पर्दाफाश किया है। ष्ठस्ञ्ज प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में टीम ने निवाई के काली का बाग रोड स्थित मीठा लाल गुर्जर के रिहायशी मकान में की गई छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मौके से करीब एक दर्जन से अधिक अलग-अलग ब्रांड के नकली घी के टिन और नामी कंपनियों सरस, कृष्णा और लोटस जैसे ब्रांड्स के पैकिंग रैपर बरामद किए गए है।

**यह किया बरामद**

- लोटस घी- 14 टीन
- सरस घी- 3 टीन
- कृष्णा घी- आधा लीटर और एक लीटर 17-17 पैकेट है
- रिफाइंड पॉम ऑयल के 8-10 टीन बरामद किए है

कार्रवाई के दौरान निवाई पुलिस और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर और सरस डेयरी टोंक के एमडी विष्णु शर्मा को भी मौके पर बुलाया गया। खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर डीएसटी टीम के साथ कार्रवाई की गई है और मौके से घी के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए सील किया गया। शुरूआती जांच और पूछताछ में सामने आया है कि बरवाड़ा से तैयार होकर निवाई में सप्लाई किया जा रहा था।

# प्राइवेट कम्पनी जल भराव क्षेत्र को खत्म करने पर तुली:ग्रामीण

## सदियों पुराने ऐतिहासिक बाँध को समाप्त कर हाई पावर बिजली प्लांट बनाने की योजना


प्राइवेट कम्पनी की खरीद शुदा जमीन।


वर्तमान सरपंच के घर रखे गए प्लांट के उपकरण।

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के एक ऐसे ऐतिहासिक बाँध को समाप्त कर जल और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने पर तुली प्राइवेट कम्पनी ने बाबरिया गाँव के ग्रामीणों की नींद हराम करदी है। यह हम नहीं कहते बल्कि ग्रामीणों द्वारा स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत और हरसौरा उप तहसील के नायब तहसीलदार पवनेश कुमार शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन से आभास हो रहा है। ग्रामीणों ने विधायक शेखावत से मिलकर अपनी फरियाद रखी तो उन्होंने उपखण्ड अधिकारी के नाम फरियाद को कार्यवाही के लिए प्रेषित कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने हरसौरा उप तहसील के तहसीलदार पवनेश कुमार शर्मा को क्षेत्र की पीड़ाओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए हवासिंह सराधना के नेतृत्व में आरोप लगाया है कि बाबरिया बाँध सदियों पुराना है और इसका इतिहास में भी उल्लेख है। इस बाँध के भराव के चलते दर्जनों गाँवों की जमीनों का जल स्तर बढ़ता है जो पीने और सिचाई के काम आता है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि यदि यह पावर बिजली स्टेशन बन गया तो बाँध की भराव क्षमता ख़त्म हो जाएगी और पीने सहित सिचाई के पानी के लाले पड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्राइवेट कम्पनी का उद्देश्य 11सौ बीघा जमीन में अपना बिजली घर बनाने की योजना है। अब तक यह कम्पनी करीब 80बीघा जमीन खरीद चुकी है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्थान में दूसरे नम्बर का पावर प्लांट लगाने की योजना इस कम्पनी की है जो वर्तमान और भविष्य के लिए खतरा है।

### इनका कहना

वहीं उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि इस पावर प्लांट की मंजूरी देने का हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता यह अधिकार क्षेत्र बीडा के पास है। जबकि हरित ने बताया कि सिचाई विभाग ने खरीद शुदा जमीन को सिचाई विभाग के क्षेत्र में बताया है और एनओसी देने से इन्कार किया है। इस प्लांट की देखरेख उच्च स्तर पर हो रही है लेकिन हाँ जो भी उपखण्ड कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में कार्यवाही है वह उचित तरह से की जाएगी।उन्होंने बताया कि यदि कोई ग्रामीण जमीन बेचता है तो उसमें हम क्या कर सकते हैं। यह योजना भारत सरकार की है जो उच्च स्तर से संचालित है जो मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आती।

**अनुराग हरित, उपखण्ड अधिकारी बानसूर।**

# भैया दूज पर बहनों ने भाइयों को बांधा रक्षा सूत्र, लंबी उम्र की कामना

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** होली पर्व के बाद मनाए जाने वाले भैया दूज का त्योहार जिलेभर सहित कस्बे में हर्षोल्लास और पारिवारिक प्रेम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना की तथा रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के अटूट प्रेम को सुदृढ़ किया। भैया दूज के पावन अवसर पर बहनें दूर-दूर से अपने भाइयों के घर पहुंचीं और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ यह स्नेहपूर्ण त्योहार मनाया। इस दौरान परिवारों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। एडवोकेट राकेश शर्मा ईशवाना ने बताया कि भैया दूज भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों का तिलक कर उनकी खुशहाली और दीर्घायु की कामना करती हैं, वहीं भाई भी अपनी बहनों का सम्मान करते हुए उनकी सुरक्षा और सहयोग का संकल्प लेते हैं।

# निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र पर अगला सत्र 16 मार्च से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ट्रस्ट अलवर द्वारा महिलाओं के लिए गायत्री शक्ति पीठ करोली कुंड पर संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र पर अगला सत्र दिनांक 16 मार्च 26 सोमवार से प्रारंभ होगा। इस सत्र के इच्छुक प्रवेशार्थी गायत्री मंदिर से फार्म प्राप्त कर 10 मार्च 26 तक जमा करा सकते हैं। सत्र 3 माह का होगा जिसमें प्रतिदिन दो घंटे का प्रशिक्षण समय रहेगा। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए गायत्री मंदिर पर या मोबाइल नंबर 9785238185 से संपर्क किया जा सकता है।

# सकल जैन समाज अलवर की साधारण सभा की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सकल जैन समाज अलवर की साधारण सभा की बैठक दिनाँक 06 मार्च 2026 शुक्रवार को श्री चंद्रप्रभ् दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर, मुंशी बाजार, अलवर के प्रांगण मे सायं 7: 30 बजे रखी गई है। मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन (हरसाना वाले ) ने बताया कि प्रति वर्ष सकल जैन समाज मिलकर श्री महावीर जयंती महोत्सव का आयोजन करता रहा है। इस वर्ष महोत्सव के आयोजक बनने का सौभाग्य श्री दिगंबर जैन (पल्लीवाल .सैलवाल जैसवाल) समाज,मुंशी बाजार अलवर को मिला है। बैठक मे श्री महावीर जयन्ती महोत्सव समिति के अध्यक्ष का चुनाव व श्री महावीर जयन्ती महोत्सव समिति का गठन के साथ महोत्सव के कार्यक्रमों व व्यवस्थाओं पर विचार किया जावेगा।

# फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारी को आया हार्ट अटैक,मौत:कुर्सी पर बैठा था, अचानक तबीयत बिगडऩे से नीचे गिरा; डॉक्टर ने मृत किया घोषित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में गुरुवार को एक कर्मचारी की अचानक कुर्सी पर बैठे-बैठे आर्ट अटैक से मौत हो गई। जिला



अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को मॉर्च्युरी में रखवा दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है। मामला उद्योग नगर थाना क्षेत्र के एमआईए इंडस्ट्रियल एरिया में गुरुवार शाम का है, जहां एक फैक्ट्री में हरि सिंह(45) निवासी डेहरीन दातवाल हेल्पर के पद पर काम करता था। फैक्ट्री में काम करते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी गई। इस दौरान हरि सिंह फैक्ट्री परिसर में कुर्सी पर बैठा हुआ था, अचानक वह कुर्सी से गिर पड़ा और बेहोश हो गया। सहकर्मियों ने तुरंत उसे उपचार के लिए उद्योग नगर स्थित ईएसआई अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची उद्योग नगर थाना पुलिस ने अलवर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में शव को रखवाा। प्रथम दृट्या हार्ट अटैक से मौत हो सकती है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष के घर मातृ शोक पर दी सांत्वना



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को माढ़ण तहसील के ग्राम काठूवास पहुँचकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी स्वर्गीय श्रीमती चलती देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत पुण्यात्मा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नेता प्रतिपक्ष जूली और उनके परिवार को ढांढस बंधाते हुए शोक-संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री शर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस दौरान केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग विजय सिंह सहित विधायक बानसूर देवीसिंह शेखावत, मांगेलाल मीणा,प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भावना जागृत करने की कवायद

## राज्य स्तर पर 2 पशुपालकों को दिए जाएंगे 50-50 हजार रुपये का पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य स्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह योजना अंतर्गत प्रगतिशील पशुपालकों का प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर एक, पंचायत समिति स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे चयनित पशुपालकों में से जिला स्तर पर दो तथा जिला स्तर पर चयनित समस्त पशुपालकों में से राज्य स्तर पर दो पशुपालकों का चयन किया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित पशुपालकों को 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक प्रगतिशील पशुपालक मय दस्तावेज के आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था के प्रभारी को 31 मार्च तक प्रस्तुत कर सकते हैं। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश चन्द मीना ने बताया कि विभाग पशुपालकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना, समृद्ध्घ एवं उन्नत नस्ल के पशुओं को रखने, नवीनतम तकनीक द्वारा पशु देखभाल एवं पशुपालकों को आर्थिक व सामाजिक विकास की ओर प्रोत्साहित कर पशुधन विकास की मूलधरा से जोडने के उद्देश्य से यह योजना प्रारम्भ की गई है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत पशुपालकों को राज्य स्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह में पंचायत समिति स्तर पर चयनित पशुपालक को 10 हजार रूपये, जिला स्तर पर 25 हजार रूपये तथा राज्य स्तर पर 50 हजार रूपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप राज्य स्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक पंचायत समिति से एक-एक एवं जिला स्तर पर दो पशुपालकों का चयन कर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने जिले के सभी प्रगतिशील पशुपालकों से अपील की है कि आवेदन पत्र एवं योजना की विस्तृत जानकारी के लिए जिला कार्यालय/उप निदेशक पशुपालन विभाग अथवा नजदीकी राजकीय पशु चिकित्सालय में सम्पर्क करें। इच्छुक प्रगतिशील पशुपालक मय दस्तावेज के आवेदन पत्र नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था के प्रभारी को 31 मार्च 2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना की विस्तृत जानकारी/आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट ूण्ंदपउंसीनेइंदकतलण्तंरें जींदण्हवअण्पद से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

# जिला प्रशासन की अनुशंसा पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत राज्य सरकार ने स्वीकृति की राशि

## करीब साढ़े 14 करोड़ रूपये की लागत राशि से अलवर शहर में होंगे विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला प्रशासन की अनुशंसा पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति राशि से अलवर शहर में 14 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत राशि से खेल एवं पर्यटन सुविधाओं के विस्तार एवं कन्वेंशन सेंटर निर्माण कार्य कराए जाएंगे, जिसमें राज्य सरकार द्वारा योजनान्तर्गत 9 करोड़ 70 लाख रूपये एवं नगर विकास न्यास द्वारा 4 करोड़ 70 लाख रूपये व्यय किए जाएंगे।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अलवर शहर में खेल एवं पर्यटन के सुविधाओं के विस्तार एवं कन्वेंशन सेंटर विकास के कार्य कराए जाने हेतु राज्य सरकार को अनुशंसा की गई थी, जिस पर राज्य सरकार ने योजनान्तर्गत 14 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से विकास कार्य कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि अलवर में पर्यटन के विस्तार हेतु योजनान्तर्गत पर्यटक स्थल लालडिग्गी में 3 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से आकर्षक म्यूजिकल फाउण्टेन साउण्ड शो, विद्युतीकरण कार्य, प्लास्टर एवं आकर्षक पेंटिंग कार्य, सुलभ शौचालय, पार्किंग, बैठक व्यवस्था, फूड कोर्ट, केनोपी इत्यादि कार्य कराए जाएंगे। इसी प्रकार 5 करोड़ रूपये की लागत से बुध विहार में 10 हजार वर्गमीटर भूमि में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया जाएगा, जिससे बैठक, सम्मेलन, कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि कार्यों में उपयोग हेतु आमजन को लाभ मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु 4 करोड़ रूपये की लागत राशि से हसन खां मेवाती नगर में 6200 वर्गमीटर भूमि में इण्डोर बैडमिंटन हॉल, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, पिकल बॉल कोर्ट, विद्युतीकरण इत्यादि कार्य कराए जाएंगे, जिससे युवा वर्ग को खेल-कूद की बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी तथा इसके अतिरिक्त शेष राशि से अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

# पुलिस ने खेली होली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दो दिन तक आमजन ने धुलंडी खेली। वहीं गुरुवार सुबह से अलवर पुलिस लाइन व थानों में पुलिसकर्मी डीजे पर डांस करते हुए रंग-गुलाल उड़ाने में लगे रहे। पुलिस लाइन में अलवर एसपी सुधीर चौधरी और एएसपी कांबले शरण जवानों के कंधों पर बैठ डांस करते दिखे। एसपी भी पक्के रंग में रंगे नजर आए। हर साल धुलंडी के अगले दिन पुलिसकर्मी होली मनाते हैं। अलवर जिला मुख्यालय पर सबसे बड़ा उत्साह पुलिस लाइन में रहता है। इसके अलावा अलग-अलग थानों में भी धुलंडी खेलते हैं। अलवर एसपी सहित अन्य अधिकारी पुलिस लाइन पहुंचते हैं। वहां सब पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली जाती है। महिला थाने में पुलिसकर्मी छोरी तैने करो भरतपुर जाम लोक गीत पर डांस करते दिखे। इसी तरह दूसरे थानों में भी पुलिसकर्मियों ने होली खेली।

### महिला पुलिस थाने के मुख्य गेट पर लगाया डीजे

अलवर महिला पुलिस थाने के मुख्य गेट पर डीजे लगा है। गेट के बीच में ही पुलिसकर्मी डांस करने में लगे हैं। पहले आपस में गुलाल लगाया। उसके बाद डीजे पर डांस करते नजर आए। इसी तरह पुलिस लाइन में भी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंचे। वहां अधिकारियों को गुलाल लगाया। इसके बाद डांस करने लगे। हर बार पुलिस लाइन में बड़े अधिकारी सबसे मिलकर होली खेलते हैं।

# बानसूर में पूर्व मंत्री शकुंतला रावत का एक दिवसीय दौरा: ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** राजस्थान की पूर्व कैबिनेट मंत्री और बानसूर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक शकुंतला रावत ने क्षेत्र के प्रति अपनी गहरे लगाव और जुड़ाव को एक बार फिर साबित करते हुए एक दिवसीय दौरे पर बानसूर पहुंचीं जँहा उनके साथ कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल की पत्नी राधा हंसराज पटेल भी मौजूद रही। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बाबरिया का दौरा किया, जहां बाबरिया बांध के निकट स्थित प्रसिद्ध बाबा मांगूदास महाराज मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक मेले और समारोह में विशेष रूप से शामिल हुईं। रावत मंदिर परिसर में पहुंचते ही सबसे पहले बाबा की प्रतिमा के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा से क्षेत्रवासियों के लिए अमन-चैन, सुख-समृद्धि, खुशहाली और विकास की प्रार्थना की। मंदिर में मौजूद भक्तों और श्रद्धालुओं ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। मेले में भाग लेने के बाद जब पूर्व मंत्री व राधा हंसराज पटेल वापस लौट रही थीं, तो गांव की सरपंच मंजू रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। महिलाओं की एक टोली ने पारंपरिक तरीके से स्वागत गीत गाए, जो ग्रामीण संस्कृति और उत्साह का प्रतीक थे। महिलाओं के मधुर स्वरों और उत्साहपूर्ण स्वागत से पूरा माहौल भक्ति और राजनीतिक जुड़ाव से भर गया। श्रीमती रावत ने महिलाओं के इस प्यार भरे स्वागत से काफी प्रभावित होकर कुछ पल रुककर गीत सुने और उनका आभार व्यक्त किया। इस मेले को लेकर बाबरिया और आसपास के गांवों में खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में न केवल बाबरिया बल्कि खटोटी, देवसन, छावडीवास, देवनगर, मुंगलपुर, बबेडी सहित आसपास के कई गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**जिला कलक्टर ने ली जिले के आधारभूत संरचनागत कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक**

# इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करावें - कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्रगतिरत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी, आरएसआरडीसी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के आधारभूत संरचनागत कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के 65 से अधिक सडक़ निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि समस्त कार्यों को और अधिक गति देकर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका लाभ यथाशीघ्र मिल सके। उन्होंने भवन निर्माण कार्यों, जिनमें प्रतापगढ़, मालाखेड़ा व कठूमर कॉलेज भवन निर्माण, प्रतापगढ़ में तहसील भवन निर्माण, राजगढ़ कोर्ट कांप्लेक्स निर्माण कार्य सहित छात्रावास एवं खेल स्टेडियम निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय चिकित्सालय एवं महिला व शिशु चिकित्सालय में आंतरिक सडक़ निर्माण कार्यों को मार्च माह में पूर्ण करावें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के स्वीकृत एवं प्रगतिरत 66 निर्माण कार्यों की समीक्षा कर उन्हें निश्चित समयावधि में पूर्ण कराने निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी के विश्वविद्यालय में भवन निर्माण कार्य, जिला चिकित्सालय में 100 बैड भवन निर्माण, क्रिटिकल केयर निर्माण कार्य, उमरैण आईटीआई सहित अन्य कंस्ट्रक्शन संबंधित कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने समसा के 50 से अधिक प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण कराने तथा जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता को भाखेड़ा एनीकट निर्माण कार्य को मार्च माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक श्री लक्ष्मण सिंह, एडीपीसी श्री मनोज शर्मा, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता श्री संजय खत्री सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोटा कोटा में बीएसटीसी स्टूडेंट की करंट लगने से मौत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा के कुन्हाड़ी थाना इलाके में हॉस्टल के बाहर होली खेलते समय ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से एक छात्र



की मौत हो गई। आज परिजनों व समाज के लोगों ने घटनास्थल पर धरना देकर मृतक छात्र घीरज मीणा तालेड़ा, जिला बुंदी को न्याय देने की मांग की। प्रदर्शनकारियो व परिजनों ने हॉस्टल मालिक और केडीएल बिजली विभाग कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग ओर मृतक छात्र के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। कुन्हाड़ी थाना पुलिस कर रही है मामले की जांच। कुन्हाड़ी थाना इलाके में हॉस्टल के बाहर होली खेलते समय ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। आज परिजनों व समाज के लोगों ने घटनास्थल पर धरना देकर मृतक छात्र घीरज मीणा तालेड़ा, जिला बुंदी को न्याय देने की मांग की। प्रदर्शनकारियो व परिजनों ने हॉस्टल मालिक और केडीएल बिजली विभाग कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग ओर मृतक छात्र के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की।
कुन्हाड़ी थाना पुलिस कर रही है मामले की जांच।

## बाल गोपाल सरस्वती केंद्र चारण बस्ती पर बनाया होली महोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** बाल संस्कार केंद्र पर बच्चों के साथ महिला शक्ति मण्डल द्वारा रंगों का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया । होली ऐक रंगों का त्यौहार हे सभी बुराईयो को छोड़ कर दिलो मे खुशियाँ भरने वाला हमेशा सदा प्रेम भावनाओं को समझ कर मन मे ऐक जुट होने पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए रंगो का प्रकाश डाला गया। उत्साह मे उपस्थित मुख्य अतिथि रानी राठौड़ महिला शक्ति रामेश्वरी जी रजनी जी वाला ज्योति गुड्डी बाई ज्योति जी मलाश केंद्र संचालक गुलाब कंवर ने सभी आए हुए अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया । एक दूसरे को होली की शुभकामना दी।

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मातृ शोक में सम्मिलित हुए पूर्व बेगू विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** पूर्व बेगू विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी नेता



प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी के आकस्मिक निधन पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्राम काठूवास (नीमराणा) पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक बिधूड़ी ने कहा कि इस दुःखद घड़ी में शोकाकुल परिवारजनों से अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें परिवारजनों धैर्य,शक्ति और संबल प्रदान करें। इस दौरान चित्तौडग़ढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया,ललित बोरीवाल भी मौजूद रहे।

## निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 06 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लायंस क्लब कोटा एवं रामस्वरूप कालानी चेरेट्रबल ट्रस्ट द्वारा 06 मार्च को निःशुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि बताया कि हवाई अड्डे के सामने झालावाड़ रोड स्थित लांयस क्लब भवन,कोटा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। शुक्रवार 06मार्च को प्रातः 10 से 01 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच व भर्ती की जाएगी।सचिव मुकेश विजयवर्गीय ने बताया कि 07 मार्च को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएगें। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जिला अंधता निवारण समिति कोटा भी सहयोग रहेगा। रामस्वरूप कालानी ने बताया कि सभी ऑपरेशन निशुल्क डा विशाल स्नेही द्वारा किए जाएगे। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि शिविर में सभी मरीजों को आवास,भोजन,दवाईयां लेंस एवं चश्में की व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी।शिविर में आने वाले नेत्र चिकित्सा रोगी को आधार कार्ड,राशन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड की जेरोक्स कॉपी एवं दो फोटो साथ लाने होगे।

### खेत मे कार्य करते समय किसान की संदिग्ध मौत

बढ़ता राजस्थान

**सुल्तानपुर (मुकेश गोस्वामी)।** बुढादीत क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाडग़ाँव में किसान गिरिराज मीणा पुत्र श्रीलाल मीणा उम्र 60 वर्ष निवासी झाडगांव लहसुन के खेत में पानी पिलाने घर से गया था अचानक ही खेत की मेड पर बेहोश हो गया । होली का त्योहार



होने के कारण परिजन एव ग्रामीण त्योहार मना रहे थ। सूचना मिलने पर त्योहार की खुशियां गम में बदल गयी। परिजनों की मदद से ग्रामीणों द्वारा अचेत किसान को खेत से सुल्तानपुर अस्पताल लाया गया जिस पर ड्यूटी चिकित्सको ने किसान को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया किसान की संदिग्ध मौत की रिपोर्ट पुलिस थाना बुढादीत मैं दर्ज कराया जिस पर पुलिस द्वारा पंचनामा कर आगे की कार्यवाही शुरू की गई जबकि मृतक एक गरीब किसान है जिसके खाते की जमीन नाममात्र है मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन करता था अचानक हुई घटना से परिजनों को गहरा सदमा लगा साथ ही परिवार को पालने की भी समस्या उतपन्न हो गयी ग्राम पंचायत झाडग़ांव की ओर से सरकार एव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाा से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की गई।

# राजस्थान जन विश्वास विधेयक 2026 का विधायक कृपलानी ने किया समर्थन

## अफीम काश्तकारों की समस्याओं को सदन में उठाया

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र के दौरान प्रस्तुत राजस्थान जन विश्वास विधेयक 2026 पर चर्चा के दौरान निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने सदन में अपनी ओर से महत्वपूर्ण सुझाव रखते हुए विधेयक का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा आमजन के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।




चर्चा के दौरान विधायक कृपलानी ने विशेष रूप से क्षेत्र के अफीम काश्तकारों से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने केंद्र सरकार के एनडीपीएस कानून की धारा 8/29 का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रावधान के कारण कई बार वैध अफीम काश्तकारों एवं स्थानीय निवासियों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे किसानों में असमंजस और भय की स्थिति बनी रहती है।

विधायक कृपलानी ने कहा कि मेवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के कई जिलों में बड़ी संख्या में किसान अफीम की वैध खेती करते हैं, जो उनकी आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। ऐसे में कानून की कुछ धाराओं के कारण उत्पन्न होने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने सदन में राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह इस विषय में केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 को समाप्त करने या उसमें आवश्यक संशोधन कराने की दिशा में पहल करे, ताकि काश्तकारों एवं स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य और केंद्र सरकार के बीच बेहतर संवाद और सहयोग आवश्यक है। इससे न केवल किसानों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि कृषि आधारित आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

विधायक कृपलानी ने कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे विषयों पर सकारात्मक निर्णय लेकर किसानों को राहत प्रदान करना समय की मांग है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी तरीके से उठाएगी।

# इस्कॉन में चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य उत्सव में झूमे श्रृद्धालु

**इंजीनियरिंग विद्यार्थियों ने हरिनाम संकीर्तन व चैतन्य महाप्रभु के जीवनदर्शन पर प्रस्तुत की नाटिका**

### 'गौर कथा के माध्यम से बताया भक्ति,प्रेम व हरिनाम जप का महत्व

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** चैतन्य महाप्रभु के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर किशोरपुरा स्थित इस्कॉन केंद्र गोविंद धाम में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कथा, संकीर्तन, नाट्य प्रस्तुति और आरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी भगवान बिरला, सोहन माहेश्वरी और नारकोटिक्स कमिश्नर नरेश बुंदेल उपस्थित रहे।

उत्सव के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने चैतन्य महाप्रभु के जीवन और उनके हरिनाम संकीर्तन आंदोलन पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति को श्रद्धालुओं ने ध्यानपूर्वक देखा।

कार्यक्रम में मायापुर वासी दास ने 'गौर कथा' के माध्यम से चैतन्य महाप्रभु के जीवन, उनके संदेश और भक्ति परंपरा के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने भक्ति आंदोलन और हरिनाम संकीर्तन की परंपरा पर प्रकाश डाला।

उत्सव के दौरान भगवान का अभिषेक किया गया तथा पालकी उत्सव का आयोजन हुआ। इसके बाद और महा-आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा को भोग अर्पित किया गया।

आयोजन की व्यवस्थाएं इस्कॉन कोटा के मैनेजर अवतार गौर प्रभु के मार्गदर्शन में की गईं। यूथ डायरेक्टर गजेंद्र पति विष्णु प्रभु और युवाओं की टीम ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।

## धनिया पर आढ़त 1प्रतिशत करने के फैसले का व्यापारियों ने किया विरोध, 2.25प्रतिशत बहाल करने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** एशिया की सबसे बड़ी धनिया मंडी के रूप में प्रसिद्ध रामगंजमंडी में धनिया जिन्स पर आढ़त 2.25 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत किए जाने के फैसले का व्यापारियों ने विरोध जताया है। इस संबंध में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर आढ़त को पूर्व की भांति 2.25 प्रतिशत ही रखने की मांग की है।

गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार धाकड़ और सचिव योगेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में लगने वाले मंडी टैक्स को कम करने के फैसले का उन्होंने स्वागत किया है, लेकिन धनिया जिन्स पर आढ़त 2.25 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत करने से कच्चे आढ़तियों पर विपरीत असर पड़ा है।

व्यापारियों का कहना है कि धनिया व्यापार में खर्च काफी अधिक होता है, जबकि आढ़त कम होने से कच्चे आढ़तियों के पास पर्याप्त आय नहीं बच पा रही है। उन्होंने बताया कि पहले 2.25 प्रतिशत आढ़त होने के बावजूद पक्के व्यापारियों द्वारा करीब 25 प्रतिशत राशि मुद्दत के रूप में काट ली जाती थी, जिससे कच्चे आढ़तियों को लगभग 1.40 प्रतिशत ही आढ़त मिलती थी। ऐसे में अब 1 प्रतिशत आढ़त होने से व्यापारियों की स्थिति और अधिक कठिन हो गई है।

व्यापारियों ने यह भी कहा कि इस विषय में कुछ लोगों द्वारा सरकार को गलत जानकारी दी गई है और पूर्व में हुई बैठक में सभी व्यापारियों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं था। व्यापारी संगठनों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि धनिया जिन्स पर आढ़त को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर पुनः 2.25 प्रतिशत किया जाए, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके।

## कैथून में पांच दिवसीय विभीषण मेले की शुरुआत हुई, मंत्री मदन दिलावर ने पुतला दहन किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा के कैथून कस्बे में देश का एकमात्र विभीषण का 5000 साल मंदिर है। यहां पर हर साल बड़ी संख्या श्रद्धालु आते हैं। होली के अवसर पर इस मंदिर में मेला लगता है। इसी वजह से यहां पर होलिका दहन के दूसरे दिन हिरण्यकश्यप के पुतले का दहन किया जाता है। इस मंदिर से एक पौराणिक कहानी जुड़ी है जिसके मुताबिक भगवान राम के राज्याभिषेक के समय शिवजी ने मृत्युलोक की सैर करने की इच्छा प्रकट की थी। इसके बाद विभीषण ने कांवड़ पर बिठाकर भगवान शंकर और हनुमान को सैर के लिए कहा। लेकिन शिवजी ने यह शर्त रखी की जहां भी उनका कांवड़ जमीन छू जाएगा यात्रा वहीं खत्म हो जाएगी। इसके बाद विभीषण शिवजी और हनुमान को लेकर यात्रा पर निकल पड़े। कुछ जगहों पर भ्रमण करने के बाद विभीषण का पैर कैथून कस्बे की धरती पर गिर गया . जिसके बाद यात्रा यहीं खत्म हो गई। विभीषण



के कांवड़ का अगला सिरा लगभग 12 किमी आगे चौरचौमा में और दूसरा हिस्सा कोटा के रंगबाड़ी क्षेत्र में पड़ा। इस वजह से रंगबाड़ी में हनुमान और चौरचौमा में शिवजी का मंदिर स्थापित किया गया। इसके बाद जहां विभीषण का पैर पड़ा, वहां विभीषण मंदिर निर्माण किया गया। मंदिर के वर्तमान स्वरूप का निर्माण 1770-1821 के बीच महाराव उम्मेदसिंह प्रथम ने करवाया था। इस विभीषण मंदिर में लगी विभीषण की प्रतिमा काफी आकर्षक है। इस मंदिर में स्थापित प्रतिमा का केवल धड़ से ऊपर का भाग ही दिखता है। कहा जाता है कि यह प्रतिमा हर साल जौ के दौने के बराबर जमीन में धंसती है।
इस अवसर पर कैथून नगर पालिका अध्यक्ष हरिओम पुरी, भाजपा देहात अध्यक्ष प्रेम गोचर और जिला परिषद सदस्य योगेंद्र नंदवाना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री का 7 मार्च का प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगामी 7 मार्च को कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का गुरूवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हर एक व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जिला कलक्टर ने कार्यक्रम स्थल के निकट बनाए जा रहे हेलीपैड का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सभी आवश्यक तकनीकी और सुरक्षा व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं। इसके अलावा, उन्होंने आमजन के कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए तैयार की जा रही संपर्क सडक़ों और निर्धारित रूट चार्ट की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम के दिन समुचित पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल पर बनाए जा रहे मुख्य मंच (स्टेज), विशाल डोम और आमजन के बैठने के लिए की जा रही व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर नियमित रूप से पानी का छिडक़ाव करवाया जाएं।

**रीजन कॉन्फ्रेंस में लांयस क्लब कोटा अव्वल**

## 20 पुरस्कारों के साथ सर्वश्रेष्ठ क्लब घोषित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लांयस क्लब इंटरनेशन डिस्ट्रिक्ट 3233श्व-2 की रीजन कॉन्फ्रेंस 'समन्वय 2025-2026' में लांयस क्लब कोटा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 20 पुरस्कार अर्जित कर रीजन का सर्वश्रेष्ठ क्लब होने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन ऐलन सत्यार्थ कैंपस में रीजन चेयरपर्सन लायन सुषमा आहूजा के नेतृत्व में किया गया। सम्मेलन में लायन सोनल नंदवाना को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष तथा लायन प्रभा विजय को ऑल ओवर परफॉर्मेंस 'लायन ऑफ द रीजन' सम्मान से अलंकृत किया



गया। लायन सोनल शर्मा को बेस्ट प्रेसिडेंट, लायन मुकेश विजयवर्गीय को आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी, लायन लक्ष्मीकांत पारीक को लायंस क्वेस्ट अवॉर्ड, लायन अशोक नुवाल को एक्सीलेंस अवॉर्ड, लायन सुधाकर बहेडिया को एक्सीलेंस इन सर्विस, लायन आनंद राठी को एक्सीलेंस अवॉर्ड तथा लायन प्रमोद विजय को जोन अवॉर्ड प्रदान किया गया।
क्लब को मोस्ट एक्टिव क्लब और बेस्ट क्लब के सम्मान भी प्राप्त हुए। सदस्यता वृद्धि, नए क्लब विस्तार, 'फूड फॉर हंगर', नेत्र चिकित्सा शिविर, स्लम एरिया सेवा, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु आपात अनुदान, मानवता सेवा, स्थायी परियोजनाएं तथा योग कक्षाओं जैसे विविध सेवा कार्यों को निर्णायकों ने विशेष रूप से सराहा। बैनर प्रेजेंटेशन में क्लब के 75 सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। 'योग एवं मेंटल हेल्थ' विषय पर आधारित प्रस्तुति को सर्वश्रेष्ठ बैनर प्रेजेंटेशन एवं सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर से पधारे पूर्व मल्टीपल चेयरपर्सन लायन कुलभूषण मित्तल ने क्लब की सेवा-परंपरा की प्रशंसा करते हुए ङ्कष्ठत्र-2 लायन सी.पी. विजयवर्गीय को ट्रॉफी भेंट की तथा 15 लायन सदस्यों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

**कैंसर और थैलेसीमिया जागरूकता के लिए 8 मार्च को नेशनल कार रैली**

# महिला दिवस पर जीतो लेडीज विंग की नेशनल कार रैली,कैंसर व थैलेसीमिया जागरूकता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) कोटा लेडीज विंग द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल कार रैली के पोस्टर का अनावरण कोटा ब्लड बैंक सोसायटी में किया गया। पोस्टर का अनावरण थैलेसीमिया से पीडि़त बच्चों के हाथों कराया गया। इस अवसर पर जीतो कोटा चैप्टर के चेयरमैन पंकज सेठी, कोटा ब्लड बैंक सोसायटी के सचिव राजकुमार जैन, यूथ विंग के चीफ सेक्रेटरी ईशान गोधा तथा जीतो लेडीज विंग की चेयरपर्सन




मंजु लुंकड़ उपस्थित रहे। जीतो लेडीज विंग की चीफ सेक्रेटरी रेखा जैन ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया उन्मूलन और कैंसर के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण, सामाजिक स्वास्थ्य जागरूकता तथा महिला दिवस के महत्व का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जाएगा। उन्होने कहा कि यह कार रैली देश के 100 से अधिक चेप्टर में पूरे भारत के अलग—2 कोने में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम संयोजक प्रीति जैन एवं सह-संयोजक नेहा जैन ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, समय पर चिकित्सकीय जांच कराने तथा रोगों की रोकथाम के प्रति प्रेरित किया जाएगा। रैली का शुभारंभ 8 मार्च को प्रातः 6:30 बजे श्री उम्मेद क्लब, कोटा से किया जाएगा। रैली के समापन अवसर पर एक जागरूकता सत्र आयोजित होगा, जिसमें डॉ. रत्ना जैन कैंसर जागरूकता तथा डॉ. परवीन शंकर झा थैलेसीमिया की रोकथाम विषय पर अपना व्याख्यान देंगे।

आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में नीरा जैन, चित्रा बागरेचा, मीना जैन, सुमन मुनोत, पिंकी बागरेचा, सोनिया सांखला सहित कोर टीम के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जो आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

## दूध सप्लाई करने जा रहे युवक पर हमला, 50 हजार रुपए लूटने व बाइक तोड़ने का आरोप, मामला दर्ज




बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( अमन झालानी )।** थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह दूध सप्लाई करने जा रहे एक युवक के साथ मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। आरोप है कि कुछ लोगों ने युवक को रोककर लाठी–डंडों से हमला किया, करीब 50 हजार रुपए लूट लिए और उसकी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गांव गाजीपुर निवासी रजोले पुत्र भगवान सिंह गुर्जर ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि वह गुरुवार सुबह करीब 9रू30 बजे गांव से दूध लेकर आ रहा था। जब वह गदहखार लोहटवाड़ा की पुलिया के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल रुकवा ली। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों में प्रताप पुत्र लखन, बदन पुत्र चौथी, लखन पुत्र चौथी निवासी बैरखो, अवतार पुत्र लज्जा निवासी शेरगढ़, मुरारी पुत्र कुंवर निवासी गाजीपुर सहित तीन अन्य लोग शामिल हैं। आरोप है कि सभी आरोपी जयपुर नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार और एक मोटरसाइकिल से आए थे तथा शराब के नशे में थे। रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों ने युवक से शराब पीने के लिए रुपए मांगे। इंकार करने पर उन्होंने लाठी–डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाशों ने युवक को मोटरसाइकिल से गिराकर बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी आंख, पीठ, हाथ और पैरों में चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी जेब में रखे दूध के भुगतान के करीब 50 हजार रुपए जान से मारने की धमकी देकर लूट लिए। शोर सुनकर राहगीर मौके पर रुकने लगे तो आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए। हमले के दौरान युवक का दूध सड़क पर फैल गया और आरोपियों ने उसकी मोटरसाइकिल को भी डंडों से तोड़ दिया। घायल युवक ने आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली थाने के एएसआई सुरेश मीना ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घायल का मेडिकल कराया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## बंगाल विधानसभा के आगामी चुनावों में भाजपा की जीत के मंसूबों पर फिर सकता है पानी - दयाचंद पचौरी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** राजनीतिकार एवं कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी के बंगाल में राजनीतिक दौरे के बाद इस पत्रकार से बातचीत करते हुए कह कि विधानसभा चुनाव जैसे–जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे वैसे भाजपा और टीएमसी के बीच सियासी टकराव बढ़ता ही जा रहा हैं। भाजपा के लिए बंगाल चुनाव जीतना भारी मुश्किल है। दयाचंद पचौरी ने बताया भाजपा ने विधानसभा चुनाव की सियासी जंग फतह करने के लिए अपना एजेंडा सेट करना शुरू दिया है तो टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी अपनी सत्ता को बचाए रखनी की कवायद में है। देश की सत्ता पर भाजपा तीसरी बार काबिज है, लेकिन बंगाल में अभी तक कमल नहीं खिल सका है।

नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा को बंगाल में उम्मीद की किरण दिखाई दी है, जिसके चलते 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी के सियासी दुर्ग में भाजपा अपनी सियासी बेस को बनाने की एक्सरसाइज शुरू कर दी है। बंगाल में एनडीए का मतलब भाजपा और इंडिया गठबंधन का अर्थ टीएमसी है। लोकसभा और विधान सभा में कांग्रेस और कम्युनिष्टों का सूपड़ा साफहो चुका है। बंगाल में एनडीए का मतलब भाजपा और इंडिया गठबंधन का अर्थ टीएमसी है। लोकसभा और विधान सभा में कांग्रेस और कम्युनिष्टों का सूपड़ा साफहो चुका है। ममता इंडिया में जरूर है मगर बंगाल के चुनाव में किसी भी सहयोगी पार्टी को पास फटकने नहीं दे रही है। एनडीए में भाजपा को छोड़कर किसी सहयोगी दल का अस्तित्व नहीं है। ऐसे में भाजपा और टीएमसी में सीधा मुकाबला होगा। ममता बनर्जी अपनी सत्ता बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है तो भाजपा ममता की चालों को धराशाही करने के लिए कमर कस ली है। देश की सियासत में दीदी के नाम से मशहूर हुई ममता बनर्जी। ममता को बंगाल की शेरनी भी कहा जाता है।

सूती धोती और मामूली चप्पल ममता की पहचान है। वे विधिवत निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। पार्टी हाई कमान भी वे स्वयं हैं और अपने सभी प्रकार के निर्णय खुद ही लेती हैं। इसमें किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करतीं। ममता धरातलीय नेता हैं। ममता बनर्जी ने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की स्थापना 1 जनवरी, 1998 को की थी। उस दौरान ममता को लगा था की कांग्रेस में रहकर कम्युनिष्टों को नहीं हटाया जा सकता। तभी वो कांग्रेस से अलग हो गयी और अपनी क्षेत्रीय पार्टी बना ली।

# मित्र मंडली तरुण समाज समिति द्वारा होली मिलन एवं महामूर्ख सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** मित्र मंडली तरुण समाज समिति द्वारा राम वाटिका में होली मिलन समारोह एवं महामूर्ख शोभायात्रा के समापन अवसर पर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष ओमप्रकाश सिंघल को महामूर्ख की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अनामिका चौधरी को बृजलौठ के सम्मान से नवाजा गया। समिति के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि यह आयोजन पिछले 53 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इसकी शुरुआत लगभग 53 वर्ष पूर्व समिति के पूर्व पदाधिकारियों द्वारा की गई थी, जिसमें सात दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। इस परंपरा के अंतर्गत समाज में सामाजिक कार्यों में सक्रिय अथवा किसी विशिष्ट राजनीतिक–सामाजिक व्यक्ति को महामूर्ख तथा किसी अन्य विशिष्ट व्यक्ति को बृजलौठ की उपाधि देकर सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान विधायक सुभाष गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, मित्र मंडली अध्यक्ष अमर सिंह, सीए अतुल मित्तल एवं जनक बाबू शर्मा कृष्ण मुरारी अग्रवाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हरिमोहन मित्तल, बृजेन्द्र चीमा, पवन खंडेलवाल, नरेंद्र सिंह फौजदार, राजकुमार गुप्ता, नवीन शर्मा, त्रिलोक सर्राफ, किशन गुप्ता, हरिकांत गर्ग, प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र जैन, चंद्रशेखर लवानिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त राकेश मित्तल, जीवनलाल शर्मा, अनिल भारद्वाज, ओमप्रकाश गुप्ता, श्वेता यादव, सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सीए अतुल मित्तल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सभी साथियों की सक्रिय भागीदारी से इस वर्ष की महामूर्ख शोभायात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंघल ने बताया कि महामूर्ख शोभायात्रा का शहर के विभिन्न समाजों एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जामा मस्जिद के पास मुस्लिम समुदाय, सिख समाज, ब्राह्मण समाज, जाट समाज, वैश्य समिति, अग्रवाल समाज तथा सराफा बाजार व्यापार संघ सहित विभिन्न व्यापारिक महासंघों ने पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। शहरवासियों का उत्साह और सहभागिता अभूतपूर्व रही। आयोजकों ने सभी समाजों एवं व्यापारिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी विशाल भीड़ और उत्साह ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह शोभायात्रा अब भरतपुर की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष शोभायात्रा में अब तक का सबसे बड़ा जनसमूह देखने को मिला।

## स्कूल की छत गिरना प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा- दिनेश सूपा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** अभी हाल ही में जिले के सेवर ब्लाक स्थित महात्मा गांधी नगला भगत स्कूल की छत गिरने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने जिला कलेक्टर से उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अभी हाल ही में झालावाड़ स्कूल की इमारत गिरने से नौ बच्चों की मौत होने के बाद भी सरकार के नुमाइंदे अभी तक लापरवाह बने हुए हैं। सूपा ने इस घटना को बड़ी अजीब विडंबना बताते हुए कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही इस बिल्डिंग की तकनीकी जांच भी की गई थी, लेकिन तब भी इसको जर्जर बिल्डिंग घोषित नहीं किया गया था। यह तो गनीमत रही कि उस वक्त बच्चे दूसरे कक्ष में पढ़ रहे थे नहीं तो बड़ा हादसा होने में देर नहीं लगती। यहां गौरतलब है कि शिक्षा विभाग में ऐसी जर्जर बिल्डिंगो की मॉनिटरिंग करने के लिए 6 अभियंता विभाग द्वारा लगाए हुए हैं लेकिन प्राय: देखने में आता है कि गुणवत्ता की जांच एवं मॉनिटरिंग स्कूलों के प्रिंसिपलों द्वारा करवाई जाती है जो की इन तकनीकी खामियों से बिल्कुल अनभिज्ञ होते हैं। सूपा ने कहा कि जब मुख्यमंत्री के गृह जिले के स्कूलों का यह हाल है तो राज्य के अन्य स्कूलों का तो राम ही रखवाला होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के गृह जिले में सरकार एवं प्रशासन की लापरवाही से हुई ऐसी घटना पर राज्य के शिक्षा मंत्री को दोषी मानते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को नैतिकता के आधार पर अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। जिले के सभी पदाधिकारीयों ने जिला कलेक्टर से इस घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करके दोषी अधिकारीयों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि वर्ष 2025 में झालावाड़ स्कूल की घटना के बाद वहां के जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अभियंताओं को दोषी मानते हुए अपने स्तर पर सभी स्कूलों की गुणवत्ता एवं मॉनिटरिंग के लिए प्रशासनिक कमेटी गठित की थी, ऐसी ही कमेटी भरतपुर जिले में भी गठित की जाए।

मांग करने वालों में साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान, रामेश्वर सैनी, योगेश सिंघल, प्रशांत उपाध्याय, मनोज पटेल, मनोज शर्मा, निरंजन जघीना, संजीव चौधरी, सुभाष कुंतल, मेघसिंह सरपंच, मुकेश पप्पू, भरत गादोली, हरिमोहन शर्मा, दयाचंद पचौरी, राजू प्रधान, राजेश बाल्मीकि, राकेश पठानीया, सतपाल सरदार, राजेंद्र सारस्वत, पुष्पेंद्र करीली, ओमप्रकाश प्रजापति, शहीद खान, हंसराम गुर्जर, चंद्रकांत शर्मा, नदीम मलिक, अशोक लवानिया, बबीता शर्मा, जगदीश बंजी, हरिसिंह नागर, अजयपाल दारापुरिया, अबधेस शर्मा, रेनू गौरावर सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे।

## रघुवीर सिंह कुन्तल बने डीग पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने किया स्वागत सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**डीग/भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यावरण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील पारीक के द्वारा गोविन्द सिंह डोटासरा अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी जयपुर के अनुमोदन पश्चात रघुवीर सिंह कुन्तल रारह पूर्व राजस्व अधिकारी राजस्थान सरकार को डीग जिला पर्यावरण प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। कंग्रेस कमेटी डीग के जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी और राजस्थान पर्यावरण प्रकोष्ठ के महामंत्री प्रेमसिंह प्रजापत ने उनका स्वागत कर उनको पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर रामवीर कुन्तल रारह, प्रशांत कुन्तल रारह, सिद्धू कुन्तल रारह, कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ डीग के अध्यक्ष राजेश मीणा, भरतपुर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष राजपूत, गजराज सिंह पैंघोर, राजकुमार कठैरा, चन्द्रशेखर बोरई, राम सिंह, बनय सिंह डहरा, बलवीर सिंह उपसरपंच वावैन, धर्मेन्द्र सिंह व सुशील कुमार पेंघोर, मानवेन्द्र सिंह आजऊ आदि कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। रघुवीर सिंह कुंतल रारह जिलाध्यक्ष पर्यावरण प्रकोष्ठ ने बताया कि वह शीघ्र ही डीग जिले की कार्यकारिणी गठित कर और सक्षम अनुमोदन पश्चात इसी माह उसकी घोषणा करेंगे और आगामी 5 जून पर्यावरण दिवस पर पूरे डीग जिले में समस्त ब्लॉकों पर पर्यावरण विषय पर संगोष्ठीयां और वृक्षारोपण किया जावेगा तथा इस प्रकोष्ठ की पहचान अलग से भी आगामी पंचायत चुनावों में स्थापित की जावेगी। उन्होंने जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी को धन्यवाद देकर उनका स्वागत भी किया।

## भरतपुर के विकास के सम्बन्ध में सीताराम गुप्ता की सीएम से हुई वार्ता

### वार्ता के बाद गुप्ता ने भरतपुर के समग्र विकास के सम्बन्ध में भेजे सुझाव

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर समग्र एवं संतुलित विकास के सम्बन्ध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता की मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक व वार्ता के बाद शहर के प्रमुख व ऐतिहासिक स्थलों के पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण एवं नियोजन के अनुरूप रूपांतरण करने के सम्बन्ध में विस्तृत सुझाव पत्र के माध्यम से भिजवाये हैं। इन सुझावों पर चरणबद्ध तरीकों से अमल किया जाये तो भरतपुर शहर राज्य के प्रमुख विकसित शहरों की श्रेणी में शुमार हो जायेगा।

गुप्ता द्वारा भेजे गये पत्र में कहा है कि रेडक्रॉस सर्किल जो शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार है और यह सर्किल दिल्ली–जयपुर–डीग–भरतपुर मार्ग का प्रमुख प्रवेश बिंदु भी है। इस सर्किल का विकास जयपुर के प्रसिद्ध सवाई जयसिंह सर्किल की तर्ज पर किया जाये तो शहरी सौंदर्यीकरण में चार चांद लग जायेंगे। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सर्किल के पास बाबू राजबहादुर लाइब्रेरी भवन जर्जर अवस्था में है, जिसे हटाकर एवं कुम्हेर गेट की ओर से आ रहे नाले का उपयोग और मछली मार्केट को हटाने के पश्चात् खाली हुई भूमि का सदुपयोग कर आकर्षक सर्किल बनाया जा सकता है। जिसमें रंग–बिरंगी रोशनी व फव्वारों का संचालन की व्यवस्था भी कराई जाये। इसके अलावा पुराना बिजलीघर को एक प्रकार से शहर का सिर है यहाँ भी सर्किल बनाकर सौंदर्यीकरण करने के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इस स्थान पर आधुनिक टीनशेड बनाकर बैठने के लिए सभी सुविधाओं से युक्त विश्राम स्थल के रूप में विकसित किया जाये तो यहाँ शहर वासियों के अलावा पर्यटकों को भी बैठने के लिए स्वच्छ व सुन्दर स्थल प्राप्त हो सकता है। इस स्थान को शहर का प्रमुख सामाजिक मिलन केन्द्र भी कह सकते हैं। जबकि बी–नारायण गेट पर सड़क के चौड़ाईकरण के बाद उपलब्ध भूमि का उपयोग कर हरित पट्टी का विकास एवं बैठने के लिए स्वच्छ व सुन्दर व्यवस्था करने का सुझाव भी पत्र में दिया है। गुप्ता ने पत्र में प्रमुख आस्था के केन्द्र गंगा मंदिर क्षेत्र से अतिक्रमणों को हटवाकर इसे अपना मूल ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने तथा गंगा मंदिर से बिहारी जी मंदिर तक टेलीस्कोपिक व्यू पॉइंट बनाकर इसे धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया है। उन्होंने गंगा मंदिर के लगे ऐतिहासिक घंटाघर की मरम्मत कराकर पुन: चालू करने की आवश्यकता भी बताई है।

पत्र में लक्ष्मण मंदिर को शहर का दिल बताते हुये यहाँ कराये जाने वाले विकास कार्यों के सम्बन्ध में सुझाव दिया है कि इसका विकास अलवर के होप सर्कस की तर्ज पर कराया जाये। जिसके लिए जिला प्रशासन को मौका–मुआयना कर विस्तृत कार्य योजना बनानी चाहिये।

## श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुआ दौज पूजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** श्री चित्रगुप्त मंन्दिर खिरनी घाट भरतपुर पर 5 मार्च गुरूवार को मन्दिर प्रांगण में होली दौज का पर्व मन्दिर समिति द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त भगवान के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्री चित्रगुप्त भगवान को कथा, आरती एवं कलम दवात का पूजन विधि विधान से किया गया। अन्त में पूजन किये गये, पेनों तथा प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अशोक माथुर, राजकुमार माथुर, दिनेश सक्सैना, डॉ रोहित भारतीय, दुष्यन्त सक्सैना, हेमन्त सक्सैना, हेमेन्द कुमार, राजेश सक्सैना, आशा भटनागर, अरूणा सक्सैना, दक्ष सक्सैना आदि चित्रांश उपास्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत कार्यशाला का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत महिला अधिकारिता के द्वारा गुरूवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 60 महिलाओं ने भाग लिया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की। अध्यक्षता करते हुए पूर्वपार्षद प्रेमपाल सिंह ने कहा कि बाल विवाह समाज में फैली हुई एक ऐसी कुरीती है जिससे बालिकाओं का भविष्य खतरे में पड़ जाता है इस कुरीती को हटाने के लिए हम सभी को अपने–अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे। दिशा फाउंडेशन की शालो हैम्ब्रोम ने महिलाओं के सशक्तिकरण एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की। एस. के शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। प्रीति सिंह ने महिला अधिकारिता विभाग में संचालित वन स्टॉप सेंटर के बारे में, नीरज कुंतल ने पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के बारे में, नीलम शर्मा ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के बारे में, पूजा वशुमती ने डीएचईडब्ल्यू के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन लीगल काउंसलर महिला सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र उमा जैमिनी के द्वारा किया गया।

# सनातन परम्पराओं, सामाजिक समरसता और सामूहिक उल्लास का प्रतीक था लघुकाशी वैर

### धर्म प्रेमियों होरी के हुरंगाओं रसिया गायकों में भारी निराशाढ, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, या मनोनीत पदाधिकारी चिंता और निराशा का जिम्मेदार कौन?

बढ़ता राजस्थान



**वैर ( सन्तोष पण्डित )।** धर्मनगरी लघुकाशी वैर में कभी होली का पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं बल्कि सनातन परम्पराओं, सामाजिक समरसता और सामूहिक उल्लास का प्रतीक हुआ करता था। रियासत काल से चली आ रही फागोत्सव की गौरवशाली परम्पराएं आज धीरे–धीरे लुप्त होती नजर आ रही हैं, जिससे क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों एवं होरी के हुरंगाओं में निराशा और चिंता का माहौल है।अब इसका प्रशासन, जनप्रतिनिधि,मनोनीत पदाधिकारी आखिर जिम्मेदार कौन? एक समय था जब वैर की होली पूरे क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखती थी। रियासतकाल में राजा–महाराजाओं द्वारा त्यौहारों को भव्य और जनसहभागिता से सम्पन्न बनाने की परम्परा निभाई जाती थी। होली से कई सप्ताह पूर्व ही महल में विशेष तैयारियां प्रारम्भ हो जाती थीं।

रसोइयों द्वारा गुजिया, सकलपारे, गुड़ के सेम और विभिन्न प्रकार के मिष्ठान व नमकीन तैयार किए जाते थे। वहीं धमाल और रसिया गायकों को बुलाकर ढोल, नगाड़े, ढोलक व अन्य वाद्ययंत्रों की व्यवस्था की जाती थी। होलिका दहन के दिन गणमान्य नागरिकों और नगरवासियों का लवाजमा ढोल–नगाड़ों की थाप के साथ होली के गीत रसिया गाते होलिका दहन स्थल तक पहुंचता था, जहां वैदिक रीति से होलिका दहन किया जाता था। इसके बाद रसिया और फाग गीतों की स्वर लहरियों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय हो उठता था। दूसरे दिन धूल होली पर धमाल की टोलियां रियासत कालीन महल पहुंचती थीं, जहां व्यंग्यात्मक और पारंपरिक फाग गायन होता था।

जिसका श्रोता भरपूर उठते और गदगद हो जाया करते सभी आगंतुकों के लिए ठंडाई, मिठाई और पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था रहती थी। पहलवानों के लिए दंगल भी आयोजित किए जाते थे, जिनका आनंद लेने के लिए दूर–दूर से लोग आते थे। त्यौहार का तीसरा दिन भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक भाई दूज के रूप में मनाया जाता था। बहिनें मायके पहुंचकर भाई को तिलक लगाकर उसकी दीर्घायु की कामना करतीं और भाई स्नेहपूर्वक भेंट देकर बहिनाओं की विदाई करते थे। उस समय त्यौहार केवल परम्परा नहीं बल्कि रिश्तों की आत्मीयता और सामाजिक एकता का उत्सव हुआ करते थे। लेकिन समय के साथ ये परम्पराएं धीरे–धीरे कमजोर पड़ती जा रही हैं। नगर के जागरूक नागरिकों का मानना है कि यदि समय रहते इन गौरवशाली सनातनी परम्पराओं को संरक्षित और पुनर्जीवित करने के प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियां केवल पुस्तकों या बुजुर्गों की स्मृतियों के माध्यम से ही इनका नाम सुन पाएंगी। ऐसे में क्षेत्र के लोग शासन–प्रशासन, जनप्रतिनिधियो, मनोनीत पदाधिकारी और समाज के अग्रणी नागरिकों से अपेक्षा कर रहे हैं कि वे आगे आकर वैर की इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुन: जीवित करने के लिए ठोस पहल करें, ताकि लघुकाशी वैर की फागोत्सव परम्परा फिर से उसी उल्लास और गरिमा के साथ जीवंत हो सके।

## विभिन्न मांगों को लेकर चित्तौड़गढ़ जिले की आशा सहयोगिनियों ने किया कार्य का बहिष्कार


बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया )।** चित्तौड़गढ़ जिले की आशाओं ने जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारे बाजी की और अपना मांग पत्र सौंप कर आज से कार्य का बहिष्कार करने की घोषणा की।

राजस्थान जिलाध्यक्ष चंदा सुखवाल ने बताया कि पिछले 5 माह से आशाओं के पीसीटीएस का भुगतान किश्तों में किया जा रहा है जो कि अन्यायपूर्ण है। उन्होंने बताया कि हमारे कार्य का भुगतान किश्तों में करने से यह नहीं पता होता है कि कौन कौन से कार्य का भुगतान आया है एवं कौन से कार्य का पैसा बकाया है। उन्होंने मांग की है कि पीसीटीएस का भुगतान एक किश्त में किया जावे साथ ही मानदेय की तारीख निश्चित कर उसी तारीख को दिया जावे। मांगे नहीं मानने तक कार्य बहिष्कार की घोषणा की गई। इस दौरान भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू के जिला उपाध्यक्ष रतनलाल शर्मा, हनीफ मोहम्मद मंसूरी, आशा सहयोगिनी राधा जोशी, संतोष चारण, कैलाश देवी सुथार, सीमा टेलर, रीना व्यास, रीना श्रीमाली, मधु वैष्णव, दुर्गा पारीक, कुसुमलता, सीमा गर्ग, तब्बसुम, गुलबार, इन्द्रा सेन, पारस गाडरी, मंजु जैन, मंजु जाट, सुमन जैन, पुष्पा गुर्जर, अन्नपूर्णा जोशी, रानू शर्मा, सीमा सेन सहित कई आशा पदाधिकारी मौजूद रही।

## नवसंवत्सर महोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी, आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न

### 18 मार्च को तालाब की पाल पर दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम व महाआरती; जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर


बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर आगामी नवसंवत्सर चैत्र शुक्ला प्रतिपदा 2083 की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को आयोजित होने वाले नवसंवत्सर महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार शाम तालाब की पाल स्थित सुभाष उद्यान में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं जनसहभागिता के साथ आयोजित करने पर चर्चा की गई बैठक में बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी तालाब की पाल पर दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों की प्रतियोगिताएं, आकर्षक झूले तथा सामूहिक महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर समितियों का गठन भी किया गया तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीपकों के उपयोग और आयोजन स्थल को स्वच्छ व व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया गया बैठक में एडवोकेट अतुल बंसल, दिलीप बाबेल, संजय घीया, सुरेश वैष्णव, शैलेश सोनी, कमलकिशोर जिंदल, गनपत बालोटिया, राजीव मिश्रा, रूपेश कोठारी तथा आलोक गुप्ता उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने नवसंवत्सर महोत्सव को पूर्व वर्षों की तरह भव्य व यादगार बनाने का संकल्प लिया।

## राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत राशन कार्ड में शेष रहे सदस्यों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। कोई भी सदस्य अब विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। जिला रसद अधिकारी कुशाल बिलाला ने बताया कि राशन कार्ड में सदस्यों के नाम जनाधार एपीआई के माध्यम से सीधे जोड़े जा रहे हैं। यदि जुड़ने वाले किसी सदस्य के नाम पर गैस कनेक्शन है तो आवेदन के समय उसकी एलपीजी आईडी का विवरण भी पोर्टल पर दर्ज किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला रसद अधिकारी या संबंधित अधिकारी के अनुमोदन के बाद नाम जुड़ने के 90 दिनों के भीतर लाभार्थी को अपनी ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य होगा।

# हिंदुस्तान जिंक ने सिल्वर रिकवरी पर एडवांस्ड रिसर्च के लिए वर्जीनिया टेक के साथ किया एमओयू

### कंपनी का यूएस स्थित, मनोनित आर1 इंस्टीट्यूशन, वर्जीनिया टेक के साथ सहयोग

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया )।** विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक एवं टॉप पाँच सिल्वर उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक ने वर्जीनिया टेक के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए है जिसके तहत् स्पेशल प्रोसेसिंग प्लांट जहाँ माइन किए गए ओर को फ्लोटेशन के जरिए ट्रीट कर लेड, जिंक और सिल्वर जैसे कीमती मेटल को अलग और कंसंट्रेट किया जाता है, लेड-जिंक कंसंट्रेटर में सिल्वर रिकवरी को बेहतर बनाने पर फोकस्ड रिसर्च को आगे बढ़ाया जा सके। इसके हिस्से के तौर पर, प्रोसेसिंग के दौरान मेटल को अलग और कंसंट्रेट करने में मदद करने के लिए मिलाए जाने वाले स्पेशल केमिकल, फ्लोटेशन मेथड को बेहतर बनाने और रिएजेंट के इस्तेमाल को ऑप्टिमाइज करने के लिए फोकस्ड साइंटिफिक अध्ययन किया जाएगा, जिससे बेहतर कंसंट्रेट क्वालिटी और अधिक एफिशिएंट प्लांट ऑपरेशन में सहायता मिलेगी। वर्जीनिया टेक, ब्लैक्सबर्ग, वर्जीनिया में मौजूद एक जानी-मानी पब्लिक लैंड-ग्रांट रिसर्च यूनिवर्सिटी है। यह माइनिंग इंजीनियरिंग, मिनरल प्रोसेसिंग और एप्लाइड मेटलर्जिकल रिसर्च में अपनी एक्सपर्टीज के लिए जानी जाती है। इस पार्टनरशिप के जरिए, हिन्दुस्तान ज़िंक ग्लोबल रिसर्च नजरिए और टेक्निकल जानकारी के उपयोग के लिए यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर काम करेगी, जिससे प्रोसेस की बेहतर समझ और इसके कंसंट्रेटर ऑपरेशन में लगातार सुधार में मदद मिलेगी।

यह कोलेबोरेशन हिंदुस्तान जिंक के लेड जिंक कंसंट्रेटर में सिल्वर रिकवरी को बढ़ाने के लिए एक गहरी साइंटिफिक समझ बनाने पर प्रमुख ध्यान देगा, जिसमें मौजूदा प्लांट कॉन्फिगरेशन के साथ-साथ भविष्य के ओर टाइप में होने वाले बदलावों पर भी विचार किया जाएगा। यह स्टडी फ्लोटेशन सेलेक्टिविटी और ओवरऑल मेटल रिकवरी पर असर डालने वाले मुख्य मेटलर्जिकल फैक्टर की जांच करेगी, जिसमें खास तौर पर रिएजेंट-मिनरल-वॉटर इंटरैक्शन पर जोर दिया जाएगा जो प्रोसेस स्टेबिलिटी और कंसंट्रेट क्वालिटी में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस उपलब्धि पर हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि हमारा मानना है कि मेटल और माइनिंग सेक्टर में ग्रोथ का अगला फेज साइंस, इनोवेशन और कोलेबोरेशन से चलेगा। वर्जीनिया टेक के साथ हमारी पार्टनरशिप हमारे नॉलेज इकोसिस्टम को मजबूत करने और भविष्य के लिए हमारे ऑपरेशन्स को तैयार करने में आवश्यक कदम है। विश्व के बड़े संस्थानों के साथ काम करके, हम ऐसी क्षमता बनाना जारी रखेंगे जो माइनिंग एक्सीलेंस की आने वाली पीढ़ी को परिभाषित करेंगी।

वर्जीनिया टेक में माइनिंग और मिनरल्स इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के हेड, एरॉन नोबल ने कहा कि, हिन्दुस्तान ज़िंक के साथ यह पार्टनरशिप ऐसे कोलेबोरेशन को दिखाती है जो मीनिंगफुल इम्पैक्ट डालता है। इंडस्ट्री के साथ सीधे जुडकर हम मिनरल रिकवरी पर अपनी कटिंग-एज रिसर्च को ऑपरेशनल चैलेंज एवं अवसरों पर लागू कर सकते हैं। इससे यह सुनिश्चत होगा कि हमारी खोज और जानकारी को आगे बढ़ाने से हम और भी आगे जाएं। हम इस रिसर्च को अधिक प्रभावी रिसोर्स उपयोग, मजबूत सप्लाई चेन और बड़े माइनिंग सेक्टर के लिए टैंजिबल बेनिफिट्स में परिवर्तित कर रहे हैं।

## ब्यावर का 'बादशाह' हुआ खामोश, नम आंखों से शहर ने दी चंदू बादशाह को अंतिम विदाई

### गुलाल खर्ची लुटाकर और बादशाही सम्मान के साथ निकली अंतिम सवारी, प्रशासन से लेकर आमजन तक उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर शहर की पहचान और बादशाह मेले की शान रहे चंद्रप्रकाश अग्रवाल (चंदू बादशाह) की अंतिम यात्रा गुरुवार को अत्यंत भावुक माहौल में निकाली गई। जिस अंदाज में उन्होंने वर्षों तक मंच पर 'बादशाह' का किरदार निभाकर लोगों के दिलों पर राज किया, उसी बादशाही सम्मान और परंपरा के साथ शहरवासियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी अंतिम सवारी के दौरान शहर की गलियों में हजारों लोग उमड़ पड़े। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और गुलाल खर्ची लुटाकर अपने 'बादशाह' को विदा किया गया। माहौल इतना भावुक था कि हर आंख नम दिखाई दी और जनसमूह उनके सम्मान में मौन खड़ा नजर आया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पहुंचकर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहर के कई प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे और पूरा शहर शोक में डूबा दिखाई दिया परिजन, मित्र और शुभचिंतक बादशाही परंपरा के अनुसार उन्हें विदाई दे रहे थे। सवारी के दौरान बीरबल नृत्य और पारंपरिक रस्मों के साथ अंतिम यात्रा आगे बढ़ी, जिसे देखकर मौजूद लोग भावुक हो उठे गौरतलब है कि बुधवार को महादेव जी की छतरी के पास बादशाह मेले के दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। अस्पताल ले जाने से पहले ही हार्ट अटैक से उनका आकस्मिक निधन हो गया जिस व्यक्ति ने वर्षों तक मंच पर 'बादशाह' बनकर लोगों का मनोरंजन किया और शहर की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखा, आज उसी अंदाज में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। आज भले ही चंदू बादशाह खामोश हो गए हों, लेकिन बादशाह मेला और शहर की यादों में उनका नाम हमेशा जीवित रहेगा।

## होलिका दहन के साथ रंगो व मस्ती से सराबोर हुआ वंडर सीमेंट का आर.के. नगर


बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया )।** रंगोत्सव होली पर वंडर सीमेंट लिमिटेड, निम्बाहेड़ा में यूनिट हेड नितिन जैन एवं वंडर यूफोरिया लेडीज क्लब की अध्यक्षा अरुणा जैन द्वारा विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। इस दौरान श्री जैन ने सांस्कृतिक विरासत के रंगोत्सव के त्यौहार पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले दिनों में सभी के लिए अपार सफलता एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान आर.के.नगर वासियों ने संगीत की धुनों पर रंग, मस्ती एवं नृत्य के साथ होलिका दहन एवं धुलंडी का उत्सव मनाया। धुलंडी के अवसर पर कंपनी के क्लब गार्डन में आयोजित उत्सव में यूनिट हेड सहित कम्पनी के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण एवं पाटनी पब्लिक स्कूल स्टॉफ तथा आर.के. नगर वासियों के लिए भव्य आयोजन रखे गए। जिसमे रस्सा कस्सी जैसे खेलों के साथ ही हास्य व्यंग्य के माहौल के बीच रंगो में सराबोर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। बच्चों ने भी इस अवसर पर विभिन्न खेलों, स्वादिष्ट व्यंजनों और ठंडाई का भरपुर आनंद लेते हुए होली मनाई।

## 6 वर्षीय अलीहसन ने रखा पहला रोजा, परिजनों में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( नि.स. )।** चौमहला में पवित्र माह रमजान के 14वें रोजे पर मुस्लिम समाज में इबादत और रोज़ों का सिलसिला पूरे उत्साह के साथ जारी है। पुरुषों, महिलाओं और युवाओं के साथ-साथ नन्हे बच्चे भी आस्था और उमंग के साथ रोजा रखकर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं।इसी कड़ी में चौमहला कस्बे के 6 वर्षीय अलीहसन, पिता आबिद हुसैन आनू (पत्रकार) ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा। कम उम्र में ही अलीहसन ने पूरे जोश और श्रद्धा के साथ दिनभर भूख-प्यास सहन करते हुए रोजा पूरा किया। परिजनों के अनुसार अलीहसन इस दिन को लेकर काफी उत्साहित थे और दिनभर इबादत में समय बिताया। शाम को इफ्तार के समय घर में विशेष खुशी का माहौल रहा। परिवारजनों और रिश्तेदारों ने अलीहसन को दुआओं और शुभकामनाओं से नवाजा। इस अवसर पर सभी ने देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ भी मांगी।

## कृषि पर्यवेक्षक पद सृजित कर नियुक्ति करने की मांग को लेकर कृषि मंत्री के नाम सौंपा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका कपासन क्षेत्र में कृषि पर्यवेक्षक का पद सृजित कर नियुक्ति कराने की मांग को लेकर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को कृषि मंत्री के नाम क्षेत्रीय विधायक को पत्र सौंपा गया। जिसमे ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा क्षेत्रीय किसान वर्ग की ओर से विधायक अर्जुनलाल जीनगर को कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के नाम पत्र सौंपा गया। उक्त पत्र में नगर पालिका कपासन में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल दौरान कृषि पर्यवेक्षक के पद समाप्त किये गये।उक्त कृषि पर्यवेक्षक का पद पुन: सृजित कर नियुक्ति करने की मांग की गयी है।

ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर द्वारा विधायक जीनगर को सौंपे पत्र में बताया गया है कि नगर पालिका कपासन क्षैत्र में सैकड़ों किसान निवासरत है। साथ ही उक्त किसान वर्ग की आजीविका मात्र कृषि पर आधारित है।

किसानों को राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कृषि योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु कृषि पर्यवेक्षक से सत्यापन कराना होता है।

नगर क्षेत्र में उक्त पद नहीं होने से ग्राम पंचायतों में कार्यरत कृषि पर्यवेक्षक से ग्राम क्षेत्रों में पहुंचकर समस्याओं का समाधान एवं राज्य सरकार से देय अनुदान योजनाओं के लिए किसान वर्ग को परेशान होना पड़ता है। कृषि विभाग की ओर से खाद वितरण, नि:शुल्क बीज वितरण, फसल बीमा योजना, फव्वारा सिंचाई योजना, बूंद-बूंद सिंचाई योजना,विभिन्न फसल उत्पादनों के प्रदर्शन में कृषि पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

# श्री श्याम बालाजी संकीर्तन में प्रख्यात गायक कन्हैया मित्तल देंगे भजनों की प्रस्तुति

### श्री सांवरिया हनुमान मंदिर कारोई का छठा पाटोत्सव 8 मार्च से

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिले में लेटे हुए हनुमानजी की प्रतिमा वाले एकमात्र स्थल श्री सांवरिया हनुमान मंदिर कारोई का छठा पाटोत्सव 8 से 11 मार्च तक मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। इस दौरान मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन होगा। पहले दिन श्री श्याम बालाजी संकीर्तन में प्रख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल एवं अन्य गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे। पाटोत्सव के अवसर पर 11 मार्च को सुबह संगीतमय सुंदरकांड के साथ छप्पन भोग एवं महाआरती का आयोजन होगा। श्री सांवरिया हनुमान मंदिर ट्रस्ट कारोई के पदाधिकारियों ने गुरूवार शाम भीलवाड़ा में संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नटराजसिंह कारोही ने बताया कि छठे पाटोत्सव के उपलक्ष्य में चार दिवसीय भव्य मेले का उद्घाटन 8 मार्च को सुबह 10 बजे होगा। इसी दिन शाम 7.15 बजे से श्री श्याम बालाजी संकीर्तन का आयोजन होगा जिसमें मशहूर भजन गायक चण्डीगढ़ निवासी कन्हैया मित्तल भजनों की स्वरलहरिया बिखरेंगे।

इस दौरान भीलवाड़ा निवासी सोनू विश्नोई एवं कानपुर निवासी दीपांशी तिवारी भी श्री श्याम बालाजी की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देंगे। श्री श्याम बालाजी संकीर्तन आयोजन में मुख्य आयोजनकर्ता रामनारायण अनिलकुमार अजमेरा परिवार पहुना एवं सहयोगी नारायण (पिंटू) मोदी परिवार होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। समस्त ग्रामवासी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। भजन संध्या में हजारों श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना के दृष्टिगत व्यापक व्यवस्था की जा रही है। मंदिर के व्यवस्थापक शिव समदानी ने बताया कि पाटोत्सव के मुख्य दिवस पर 11 मार्च को सुबह 10 बजे से श्री बालाजी सत्संग मण्डल द्वारा मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में श्याम बालाजी संकीर्तन मित्र मंडल के सदस्य कुंदनगिरी गोस्वामी, संदीप जोशी,दीपक विजयवर्गीय, वैभव डांगी, प्रवीण सेन, मंदिर के मीडिया प्रभारी विकास त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## ब्यावर की चिकित्सा व्यवस्था पर कांग्रेस का हल्ला बोल, होली स्नेह मिलन स्थगित

### बादशाह चन्द्रप्रकाश अग्रवाल के निधन पर उठे सवाल, शनिवार को अमृतकौर चिकित्सालय का घेराव कर सीएमएचओ एवं पीएमओ को सौंपा जाएगा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर, शहर की बदहाल चिकित्सा व्यवस्थाओं के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। बादशाह मेले के दौरान शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं 'बादशाह' के रूप में प्रसिद्ध चन्द्रप्रकाश अग्रवाल के आकस्मिक निधन के बाद चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर के अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त विशेषज्ञ चिकित्सक, स्ट्रेचर और आवश्यक स्टाफ तक उपलब्ध नहीं था उन्होंने बताया कि घटना के समय वे स्वयं अस्पताल में मौजूद थे। गंभीर हालत में चन्द्रप्रकाश अग्रवाल को अस्पताल लाया गया था, उस समय स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत भी चिकित्सालय में उपस्थित थे, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई नजर आई अजय शर्मा ने आरोप लगाया कि मरीजों और घायलों को परिजन अपने हाथों में उठाकर इधर-उधर भाग रहे थे, जबकि अस्पताल प्रशासन पूरी तरह असहाय दिखाई दिया। उनका कहना था कि यदि अस्पताल में समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होते तो संभवत: चन्द्रप्रकाश अग्रवाल की जान बचाई जा सकती थी कांग्रेस ने इसे स्थानीय नेतृत्व और स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी विफलता बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

**शनिवार को अस्पताल प्रशासन का घेराव :** शहर में व्याप्त शोक की लहर को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने रविवार को आयोजित होने वाले होली स्नेह मिलन कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया है। साथ ही चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार और लापरवाही के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार प्रात: 10:30 बजे राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में सीएमएचओ और पीएमओ का घेराव किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपकर चिकित्सा व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# पीएम मोदी आज 'कृषि और ग्रामीण रूपांतरण' वेबिनार को करेंगे संबोधित




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 मार्च 2026 को सुबह 11:15 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और ग्रामीण रूपांतरण विषय पर बजट-उपरांत वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस वेबिनार का उद्देश्य बजट में घोषित पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करना है।

### चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे वेबिनार सत्र

इस विषय के अंतर्गत आठ अलग-अलग वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें चार प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है— कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन तथा ग्रामीण आजीविका। इन सत्रों में इन क्षेत्रों के विकास और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा होगी।

### उच्च मूल्य वाली कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष जोर

बजट-उपरांत वेबिनार में उच्च मूल्य वाली कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत काजू, नारियल, चंदन, अगरवुड, बादाम, अखरोट और चिलगोज़ा जैसी फसलों की संभावनाओं के विकास पर विचार किया जाएगा।

# राजस्थान में पारा 40 के करीब, अचानक गर्मी क्यों बढ़ी

## मार्च में ही हीटवेव का अलर्ट, दिन में झुलसाने वाली धूप, रात ठंडी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अरब सागर में एंटी साइक्लोन बनने से राजस्थान में गर्मी तेज हो गई। पश्चिम से तेज गर्म हवा चलने से राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में झुलसाने वाली गर्मी शुरू हो गई। बुधवार को बाड़मेर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के नजदीक आ गया। जयपुर, अजमेर, चूरू, उदयपुर में भी अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। वहीं, रात में इसके उलट ठंडक अच्छी है। कई शहरों का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हो रहा है। जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले दो से तीन दिनों में राज्य में तापमान में और बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। जिससे पश्चिमी जिलों में गर्म हवा चलने का अलर्ट है।

### सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही


पिछले 24 घंटे में सभी जिलों में आसमान साफ रहा और तेज धूप के साथ कुछ शहरों में दोपहर में हल्की गर्म हवा चली। उदयपुर, श्रीगंगानगर, कोटा, जोधपुर, जैसलमेर, जयपुर, चूरू, बीकानेर, अजमेर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही, जहां अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### रात में ठंडक, पारा 10 डिग्री से नीचे

दिन में तेज गर्मी के बाद शाम होने के साथ ही लोगों को राहत रहती है। कई शहरों में रात में ठंडक बढ़ने के साथ न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है। कल सबसे ज्यादा ठंडी रात पाली में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फतेहपुर (सीकर) में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस, करौली में 11.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

### क्यों बढ़ी अचानक इतनी गर्मी?

मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राजस्थान में गर्मी बढ़ने के पीछे बड़ा कारण गुजरात-पाकिस्तान से लगते अरब सागर में एंटी साइक्लोन का बनना है। इस सिस्टम में हवाएं घड़ी की दिशा में घुमती हुई आसमान से धरती की तरफ तेजी से नीचे आती है। इससे हाइ-



प्रेशर क्रिएट होता है। इस सिस्टम के बनने से आसमान बिल्कुल साफ रहता है। अरब सागर में एंटी साइक्लोन का बनने से हवा भी घूमकर पाकिस्तान से होते हुए राजस्थान की तरफ सीधी प्रवेश कर रही है। जिसके कारण राजस्थान के साथ गुजरात और महाराष्ट्र के साथ-साथ मध्य प्रदेश में तापमान बढ़ रहा है।

# जुलाई से अब तक केवल 4 स्कूलों में काम हुआ

## जर्जर स्कूलों को लेकर हाईकोर्ट ने कहा-मार्च में बजट लेप्स हो रहा,सरकार टेंडर ही कर रही है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों के जर्जर भवन और क्लास रूम को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि जुलाई से लेकर अब तक केवल चार स्कूलों में काम शुरू हुआ है। मार्च में बजट लैप्स होने वाला है। इसके बाद भी सरकार केवल टेंडर ही कर रही है। यह मौखिक टिप्पणी आज जस्टिस महेंद्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद स्वप्रेरणा से दर्ज मामले पर सुनवाई करते हुए की।

### बजट सरकार की समस्या

हाईकोर्ट ने कहा- जुलाई से लगातार हादसे हो रहे हैं। भरतपुर, बूंदी के स्कूलों में हादसे हो चुके हैं लेकिन सरकार अभी तक स्कूलों की मरम्मत के टेंडर ही जारी कर रही है। सरकार करना क्या चाह रही है, स्कूल आपकी प्राथमिकता में ही नहीं हैं। क्यों न हम चार्टेड इंजीनियर को नियुक्त कर दें, जिससे 1 जुलाई से केवल उन्हीं स्कूलों का संचालन हो सकें, जिसे वो सर्टिफाइड करें। वहीं अन्य स्कूलों में मरम्मत का काम हो। कोर्ट ने कहा- बजट सरकार की समस्या हैं। यह हमारी समस्या नहीं है। हमने जो आदेश दिया है, उसकी पालना होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हमने प्रमुख शासन सचिव को रिपोर्ट देने के लिए कहा था। महाधिवक्ता की ओर से कहा गया कि अभी उन्होंने हमें भी रिपोर्ट नहीं दी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि मुख्य सचिव शपथ पत्र पेश करके बताए कि अब तक के कोर्ट के आदेश की पालना में क्या हुआ।

# विधानसभा में जोरदार हंगामा, सभापति-डोटासरा में नोकझोंक

## बोले- आप सड़क छाप लग रहे; कांग्रेस-भाजपा विधायक आमने-सामने हुए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में बिल पर बहस के दौरान सभापति संदीप शर्मा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बीच नोकझोंक हो गई। डोटासरा के सभापति के प्रति बर्ताव को लेकर सत्तापक्ष ने कड़ी आपत्ति की, इस पर दोनों तरफ से जमकर हंगामा और नारेबाजी हुई। कांग्रेस और बीजेपी के विधायक आमने-सामने हो गए। काफी देर हंगामे के बीच ही बिल पर बहस चलती रही, हंगामा बढ़ने पर आधे घंटे के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा दुकान वाणिज्यिक अधिष्ठान बिल पर बहस में बोल रहे थे। इसी दौरान सभापति संदीप शर्मा ने हरिमोहन शर्मा को वक्त ध्यान दिलाते हुए घंटी बजाई। इस पर गोविंद सिंह डोटासरा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि बिल पर बहस के दौरान किसी विधायक को घंटी बजाकर टोकने की परंपरा नहीं है। यह गलत हो रहा है। आप घंटी नहीं बजा सकते। इसी बात को लेकर डोटासरा की सभापति से जमकर बहस और नोकझोंक हो गई। सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि आप इस तरह बात नहीं कर सकते हैं, चेयर का सम्मान करना होता है, यह गलत है। सभापति से नोकझोंक करते देख मंत्रियों औ बीजेपी विधायकों ने कड़ा ऐतराज जताया। संसदीय कार्य मंत्री जोगराम पटेल, मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि आसान को धमकाया जा रहा है, यह बर्दाश्त नहीं होगा।



### डोटासरा ने कहा- संदीप शर्मा का मेडिकल टेस्ट करवाएं, स्पीकर ने आपत्ति की

विधानसभा की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी चेयर पर आए। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि बिल पर हरिमोहन शर्मा के बोलने के दौरान सभापति ने घंटी बजाकर टोका तो मैंने उनसे कहा था कि यह उचित नहीं है। इसके बाद सभापति संदीप शर्मा ने बहुत ही आक्रामक होकर टिप्पणियां कीं, इनका मेडिकल टेस्ट करवाएं। स्पीकर ने इस पर आपत्ति करते हुए कहा कि संदीप शर्मा उस वक्त सभापति के तौर पर चेयर पर थे, उनके खिलाफ इस तरह कमेंट नहीं कर सकते। यह कार्यवाही से निकाला जाएगा।

### विधानसभा में बहस के बाद पास हुए दो बिल

विधानसभा में आज बहस के बाद दो बिल पारित किए गए। राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2026 और राजस्थान दुकान और वाणिज्यिक अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक बहस के बाद पारित किए गए। इन दोनों बिलों के आने से पहले सरकार अध्यादेश के जरिए इनके प्रावधान पहले लागू कर चुकी है। अध्यादेश को छह महीने के भीतर बिल लाकर विधानसभा में पारित करवाना होता है अन्यथा वह रद्द हो जाता है। राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक में 11 तरह के छोटे मोटे अपराधों में सजा की जगह जुर्माने का प्रावधान किया है।

### सभापति ने कहा- आप सड़क छाप लग रहे हो

कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। डोटासरा ने हंगामे के बीच सभापति पर टिप्पणी करना जारी रखा। इस पर सभापति ने कहा- आपकी हरकतें सड़क छाप हैं। सड़क छाप आप लग रहे हो। ये आपके संस्कार हैं क्या? इस तरह नहीं चल सकता। अपनी भाषा पर गौर कीजिए।

### संदीप शर्मा बोले-डोटासरा ने विकृत मानसिकता के व्यक्ति जैसी हरकतें कीं

संदीप शर्मा ने कहा- डोटासरा ने मानसिक विकृत व्यक्ति जैसी हरकतें कीं। इनकार व्यवहार बिल्कुल भी ससंदीय नहीं था। मेडिकल टेस्ट इनका भी होना चाहिए।

### पटेल बोले- डोटासरा का बर्ताव खराब

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा ने सभापति के प्रति बहुत ही ओछी टिप्पिणयां कीं। इनका व्यवहार किसी भी रूप से संसदीय परंपराओं के अनुकूल नहीं था। स्पीकर पूरी कार्यवाही की रिकॉर्डिंग देख सकते हैं, डोटासरा ने ऐसी ऐसी टिप्पणियां कीं, जो कोई कहने की सोच भी नहीं सकता।

### स्पीकर ने कहा- पूरे मामले को देखकर फैसला होगा

सदन में बने गतिरोध पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि जो कुछ हुआ है, उसे देखा जाएगा। सभापति को मैंने ही कहा था कि सबको 5—5 मिनट बोलने का समय देना है। इस पूरे मामले को देखा जाएगा, मैं पूरी कार्यवाही देखूंगा, उसके बाद फैसला होगा।

### दुकानों, कंपनियों में 10 घंटे करवाया जा सकेगा काम

राजस्थान दुकान और वाणिज्यिक अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक में दुकानों, कंपनियों में काम करने के घंटे बढ़ाने का प्रावधान किया है। दुकानों, कंपनियों में हर दिन 9 घंटे की जगह 10 घंटे काम करने की अवधि बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। दुकानों और का?मर्शियल कामों में अब 14 साल से कम उम्र के बच्चों को काम पर नहीं रखा जा सकेगा। बिल में दुकानों, कंपनियों में अप्रेंटिस पर 14 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं रखा जा सकेगा, पहले यह आयु सीमा 12 साल थी, जिसे बढ़ाकर 14 साल किया है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- कहीं भी नमाज करना धार्मिक अधिकार नहीं

## सुरक्षा सबसे पहले; एयरपोर्ट के पास शेड में नमाज की परमिशन देने से इनकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास नमाज पढ़ने की परमिशन देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता और किसी भी जगह नमाज पढ़ना धार्मिक अधिकार नहीं माना जा सकता। जस्टिस बीपी कोलाबावाला और जस्टिस फिरदौस पूनीवाला की बेंच टैक्सी और ऑटो-रिक्शा ड्राइवरों की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि एयरपोर्ट के पास एक अस्थायी शेड था, जहां वे नमाज पढ़ते थे, जिसे पिछले साल अधिकारियों ने हटा दिया। याचिका में ड्राइवरों ने उसी जगह या आसपास किसी अन्य जगह पर नमाज पढ़ने की परमिशन मांगी थी। कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने पुलिस और एयरपोर्ट अधिकारियों से यह जांच करने को कहा था कि क्या याचिकाकर्ताओं को कोई वैकल्पिक जगह दी जा सकती है। गुरुवार को पेश की गई रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि सात जगहों का सर्वे किया गया, लेकिन भीड़, सुरक्षा चिंताओं और एयरपोर्ट डेवलपमेंट प्लान के कारण कोई भी जगह उपयुक्त नहीं पाई गई।

### ईरान पर अजरबैजान में ड्रोन हमले का आरोप : अजरबैजानी राष्ट्रपति बोले

# ईरान माफी मांगे, राजदूत को तलब किया; तेहरान का हमले से इनकार

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अजरबैजान ने खुद पर हुए ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव ने कहा कि इस घटना पर ईरान को माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा ईरानी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अजरबैजान के विदेश मंत्रालय के अनुसार एक ड्रोन नखचिवान इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन से टकराया, जबकि दूसरा शकराबाद गांव में एक स्कूल के पास गिरा। इस घटना में एयरपोर्ट टर्मिनल को नुकसान पहुंचा और दो नागरिक घायल हो गए। राष्ट्रपति अलीयेव ने इस घटना को 'कायराना हमला' बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि ईरान ने इस ड्रोन हमले में हाथ होने से इनकार किया है और कहा है कि इस घटना की जांच की जा रही है।

### भारत ने खामेनेई की मौत पर शोक जताया

भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।



### इजराइल बोला- जंग में ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर नष्ट किए

इजराइल की सेना ने कहा है कि जंग के दौरान उसकी वायुसेना ने ईरान के 300 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर दिया है। इनमें से ज्यादातर मिसाइल लॉन्चर पश्चिमी ईरान में मौजूद थे। इसका मकसद ईरान की मिसाइल दागने की क्षमता को कम करना था।

### ईरान बोला- अमेरिका-इजराइल के हमलों से 11 अस्पतालों को नुकसान

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में देश के 11 अस्पताल, सात आपात केंद्र, नौ एंबुलेंस और चार अन्य मेडिकल सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। मंत्रालय के अनुसार इन हमलों के दौरान कई अस्पतालों के साथ-साथ आपात चिकित्सा केंद्र और एंबुलेंस भी प्रभावित हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी ईरान में स्वास्थ्य ढांचे पर कम से कम 13 हमलों की पुष्टि की है, जिनमें अस्पतालों और मेडिकल सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है।

### इजराइल ने लेबनान में हमास कमांडर को मारा

इजराइल ने कहा है कि उसने लेबनान के उत्तरी शहर त्रिपोली में हमास के एक कमांडर को मार गिराया है। इजराइली सेना के मुताबिक यह कार्रवाई उसके नौसेना बलों ने की। सेना का कहना है कि मारा गया कमांडर वसीम अतल्लाह अली हमास लड़ाकों को प्रशिक्षण देता था। इस घटना पर हमास की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### अजरबैजान ने ईरान बॉर्डर के पास एयरस्पेस बंद किया

अजरबैजान ने ईरान बॉर्डर के पास अपने एयरस्पेस का एक हिस्सा 12 घंटे के लिए बंद कर दिया है। यह फैसला उस घटना के बाद लिया गया जब अजरबैजान ने दावा किया कि ईरान से आए ड्रोन उसके नखचिवान स्वायत्त क्षेत्र में घुस आए और कुछ इलाकों में नुकसान पहुंचाया।

### ब्रिटेन साइप्रस में एंटी-ड्रोन हेलिकॉप्टर भेजेगा

ब्रिटेन ने साइप्रस में सुरक्षा बढ़ाने के लिए एंटी-ड्रोन क्षमता से लैस वाइल्डकैट हेलिकॉप्टर भेजने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि ये हेलिकॉप्टर शुक्रवार को साइप्रस पहुंचेंगे।

# बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख के एलजी का इस्तीफा

## ममता बोलीं- मुझे गृहमंत्री ने बताया आरएन रवि नए गवर्नर होंगे, ये केंद्र का एकतरफा फैसला

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था।

**सीएम ममता और राज्यपाल बोस के बीच सामने आए विवाद...** -बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और कुछ संवैधानिक मुद्दों को लेकर विवादों की खबरें आती रही हैं।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888 । फोन-0141-2796794, 2796795, ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)